वर्ष- 21 अंक - 244 | citybIastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

## सरपंच चुनाव जीतने के लिए चोरी

**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** अहमदाबाद के घाटलोडिया में बंद घर से हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने राजस्थान के दिनेश मीना को गिरफ्तार किया। आरोपी ने सरपंच चुनाव में खर्च जुटाने के लिए साथियों संग चोरी की थी।



# मुंबई पहुंचे मेक्रो

## मोदी से होगी द्विपक्षीय वार्ता

### 114 राफेल लड़ाकू विमानों का मेगा रक्षा सौदा होगा

**मुंबई, (एजेंसी)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों आज भारत यात्रा के लिए मुंबई पहुंचे। उनकी यह यात्रा 19 फरवरी तक चलेगी। फ्रांसीसी राष्ट्रपति और प्रथम महिला का मुंबई के हवाई अड्डे पर महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी भी आज मुंबई पहुंचकर मेक्रो से मुलाकात करेंगे। इस दौरान कई मुद्दों पर बात होगी। मेक्रो के मुंबई पहुंचने पर मोदी ने कहा कि हम संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

दोनों नेताओं की द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, संयुक्त नौसैनिक अभ्यास व खुफिया साझेदारी, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और वैश्विक भू-राजनीतिक मुद्दे केंद्र में रहने की उम्मीद है। मैक्रों की इस यात्रा का सबसे बड़ा सामरिक आकर्षण 114 राफेल लड़ाकू विमानों का मेगा रक्षा सौदा हो सकता है।



# नमी की हवाओं से इंदौर में सुबह-सुबह छाए बादल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आज सुबह इंदौर के मौसम ने फिर परिवर्तन दिखाया, कल रात से ही बदालों का बनना शुरू हो गया था और कुछ ठंडी हवाएं भी चली थी, लेकिन आज सुबह घरों के अन्दर तो गरमाटा लग रहा था, लेकिन बाहर ठंडी हवाएं चल रही थी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि दक्षिण से चली नमी हवाओं का असर इंदौर में बना और यहां बदली बनी है यह मौसम बदली और ठंडी हवाओं का दो दिन तक रहेगा। 19 फरवरी की सुबह से बादल हट सकते हैं और फिर गर्मी बढ़ेगी। आज और कल बादल रहेंगे। कल सुबह कुछ जगह पर बूंदाबांदी हो सकती है। इंदौर के आसपास भी बूंदाबांदी के आसार है। दक्षिण की नमी की हवाओं से इंदौर और आसपास के मौसम में आद्रता बढ़ी है।

# आज तारिक रहमान की ताजपोशी

## विपक्ष भी बनाएगा समानांतर सरकार



**ढाका, (एजेंसी)।** बांग्लादेश के चुनाव में शानदार जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान आज 4 बजे प्रधानमंत्री के पद की शपथ लेंगे। भारत की ओर से स्पीकर ओम बिरला शपथग्रहण समारोह में शामिल होंगे। तारिक की सरकार पर निगरानी करने के लिए विपक्ष भी समानांतर सरकार बनाने की तैयारी कर रहा है।

## अमेरिका में फायरिंग

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के रोड आइलैंड राज्य में एक हॉकी एरीना के भीतर हुई गोलीबारी में दो लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। हमलावर ने घटना के बाद खुद को भी गोली मार ली।

## ऑस्कर विजेता अभिनेता रॉबर्ट डुवैल का निधन

**मंगलवार, (एजेंसी)।** द गॉडफादर जैसी कल्ट फिल्म में शानदार अभिनय करने वाले आस्कर विजेता रॉबर्ट डुवैल का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 2005 में डुवैल को नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स से सम्मानित किया गया।

# फूट गया चांदी का बुलबुला

## हाई से 1.80 लाख सस्ती हुई, सोना भी धड़ाम

**मुंबई, (एजेंसी)।** चांदी की कीमत आज 9500 रुपये गिरकर 2 लाख 30 हजार प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना का भाव 2500 रुपये गिरकर 1.52 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया। ज्ञात रहे कि 29 जनवरी को चांदी 4 लाख पार हो गई थी जो अब 1 लाख 80 हजार सस्ती होकर 2 लाख 35 हजार पर आ गई। इसी तरह सोना भी 1 लाख 93 हजार से गिरकर 1 लाख 52 हजार पर आ गया।

## कुट्टू के आटे से 40 बीमार

नोएडा, (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शिवरात्रि के दिन कुट्टू का आटा खाने से 40 लोग बीमार पड़ गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## आज सूर्य ग्रहण

**मंगलवार, (एजेंसी)।** आज इस साल का पहला सूर्यग्रहण लगेगा। यह ग्रहण दोपहर 3 बजकर 26 मिनट से शाम 7 बजकर 57 मिनट तक रहेगा, लेकिन भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा।

# आज पेश होगा अनुपूरक बजट

## इंदौर-छिंदवाड़ा में मौतों पर हंगामे के आसार

**भोपाल, (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। आज सदन में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा मौजूदा वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेंगे। विपक्ष के विधायक आज इंदौर में दूषित पानी के कारण हुई मौतों और छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से हुई बच्चों की मौतों को लेकर आज भी हंगामा कर सकते हैं।

# सिद्धू फिर भाजपा में

**मंगलवार, (एजेंसी)।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सिद्धू दंपती की घर वापसी की जमीन तैयार करने में जुटी है। नवजोत सिंह सिद्धू और नवजोत कौर को वापस लाने के लिए रोडमैप करीब-करीब तैयार किया जा चुका है। शीर्ष नेतृत्व जल्द ही पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया जैसे सिद्धू विरोधी पार्टी नेताओं से बात करेगा। कांग्रेस से पत्नी के निष्कासन के बाद सिद्धू फिलहाल कांग्रेस में हैं मगर यह दंपती लगातार कांग्रेस और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पर निशाना साधने के साथ प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहा है।



## दो पाकिस्तानी समेत तीन बाल कैदी फरार

**जम्मू, (एजेंसी)।** जम्मू के जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन होम से तीन नाबालिग बंदी फरार हो गए। इनमें एक भारतीय और दो पाकिस्तानी हैं. उन्होंने भागने से पहले ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिसमें दो जवान घायल हो गए।

## समुद्र में भारत ने जब्त किए तीन तेल टैंकर

मुंबई, (एजेंसी)। भारतीय तटरक्षक बल ने अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन जहाज जब्त किए थे, जिन्हें ईरान से जुड़ा माना जा रहा था. हालांकि ईरान की राष्ट्रीय तेल कंपनी ने इससे संबंध होने से इनकार किया है।



# इमरान खान की हो सकती है हत्या?

**मंगलवार, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में सेहत बिगड़ने की खबरों से एक बार फिर राजनीतिक तनाव बढ़ गया है. लंदन में रह रहे उनके दोनों बेटों सुलेमान खान और कासिम खान ने गंभीर चिंता जताई है कि उनके पिता की दाहिनी आंख की रोशनी काफी कम हो गई है और जेल प्रशासन उन्हें बेहतर इलाज नहीं दे रहा। उन्हें डर है कि हालत और खराब हो सकती है और पिता को 'जान से मारा भी जा सकता है।'

## भारत से हार के बाद पाक सेना प्रमुख को लगा सदमा

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** कोलंबो में भारत से मिली करारी हार के बाद आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पीसीबी की शिकायत की है। टीम की तैयारी और बोर्ड की बयानबाजी पर सवाल उठ रहे हैं।

## एयरपोर्ट के ऊपर 3 दिन से उड़ रहे अवैध ड्रोन

**नोएडा, (एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर के जेवर इलाके में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास 3 दिन से अवैध ड्रोन उड़ रहे हैं, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस का बड़ा आरोप, निगम की लापरवाही से 32 करोड़ का नुकसान

### जुलाई में ही हो जाना था सोलर ऊर्जा प्लांट का काम और शुरू हो जाना था बिजली उत्पादन -चौकसे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम में नेताप्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आज बयान जारी कर बड़ा हमला आरोप का नगर निगम और सीधे-सीधे महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर लगाया और कहा कि महापौर के नेतृत्व वाली निगम परिषद ने एक और कारनामा कर दिया है, जिसमें निगम की लापरवाही से सोलर ऊर्जा प्लांट में 32 करोड़ का नुकसान हुआ है। निगम की लापरवाही के चलते हुए जो प्लांट पिछले साल शुरू हो जाना चाहिए था वह अब तक शुरू नहीं हो सका है। चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इंदौर नगर निगम के द्वारा ग्रीन बांड जारी कर 244 करोड रुपए की राशि जुटाई गई थी। इस राशि से इंदौर नगर निगम के द्वारा जलूद में सोलर ऊर्जा का प्लांट लगाने का ठेका दिया गया था। यह ठेका मेजर्स राया पावर इंफ्रा लिमिटेड मुंबई को दिया गया था। निगम के द्वारा 12 जुलाई 2024 को जारी किए गए कार्य आदेश में इस कंपनी को एक साल में यह पावर प्लांट तैयार कर देने का काम सौंपा गया था। चौकसे ने कहा कि वर्क आर्डर के अनुसार इस कंपनी को 12 जुलाई 2025 तक यह पावर प्लांट बनाकर तैयार कर देना था। आज फरवरी 2026 में भी यह पावर प्लांट बनकर तैयार नहीं है। अब तक यहां से बिजली का उत्पादन शुरू नहीं हो सका है। इस प्लांट से 60 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाना था। इसके साथ ही प्लांट का निर्माण करने वाली एजेंसी को ही 10 साल तक प्लांट का संचालन और संधारण भी करना था। अभी तक इस प्लांट का निर्माण ही पूरा नहीं हुआ है और बिजली का उत्पादन तो शुरू होने का प्रश्न ही नहीं है। चौकसे ने कहा कि इस प्लांट से नगर निगम को जो बिजली का उत्पादन होना था उससे निगम का प्रति माह का बिजली का बिल 4.5 करोड रुपए कम हो जाना था। अब तक इस प्लांट से बिजली का उत्पादन शुरू नहीं होने के कारण जुलाई से लेकर फरवरी तक की अवधि में नगर निगम को 32 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। निश्चित तौर पर निगम को हुआ यह नुकसान महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम के अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत का परिणाम है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम के द्वारा यह जानकारी दी जाए की निर्धारित समय अवधि में इस प्लांट का काम पूरा न करने और बिजली का उत्पादन न करने के कारण इस कंपनी पर निगम के द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई। इस कंपनी पर निगम ने कितने करोड रुपए की पेनल्टी लगाई है। हमारी मांग है कि जो 32 करोड रुपए का नगर निगम को विद्युत उत्पादन में विलंब के कारण नुकसान हुआ है इस नुकसान को ठेकेदार कंपनी से वसूल किया जाए। जब तक बिजली का उत्पादन 60 मेगावाट शुरू नहीं हो जाता है तब तक 4.5 करोड़ रुपए प्रति माह इस कंपनी से वसूल किए जाएं। इसके साथ ही देश के अपने तरह के पहले इस प्रोजेक्ट में लापरवाही करने के कारण इस कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करते हुए उस पर लागत की 25% राशि 67 करोड रुपए का जुर्माना इस कंपनी पर लगाया जाए। उक्त पूर्ण जानकारी आरोप के साथ चिंटू चौकसे द्वारा दी गई।

# क़ांग्रेस नेता कबड्डी का मेट दिलवाएंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देपालपुर विधानसभा के ग्राम पीरनलवासा में बजरंग क्लब द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर अतिथि के रुप में कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल पहुंचे थे। पटेल ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान आयोजकों ने कहा कि



### प्रतियोगिता में की अतिथि के रूप में पहुंचकर घोषणा

कबड्डी खिलाडियों को कबड्डी मेट की कमी है इसी के चलते राधेश्याम पटेल ने आयोजकों के माध्यम से कबड्डी मेट देने की घोषणा की। पटेल ने उदबोधन में यहां तक कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संसाधनों की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता है, ताकि यहाँ के युवा भी मैट पर अभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार हो सकें। इस दौरान सत्यनारायण शर्मा, मांगू सिंह, दरबारसिंह, सुन्दरलाल खटोड, निर्भयसिंह सोलंकी, राजपालसिंह सोलंकी, मोहन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# महापौर ने ली मस्जिद पर लगे लाउडस्पीकर पर आपत्ति

### कलेक्टर से की चर्चा शुरू हो गया है परीक्षाकाल, ऊंची मीनारों पर लगे ध्वनि यंत्र हटाए जाए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज से शुरू हो रही 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कल कलेक्टर शिवम वर्मा से चर्चा की और उन्हें चर्चा में बताया कि कलेक्टर ने शहर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़े डीजे और लाउडस्पीकर पर रोक लगा रखी है, लेकिन शहर की ज्यादातर मस्जिदों की मीनारों पर ध्वनि यंत्र लगे हैं। ज्यादातर मस्जिदों की मीनारों पर चिलम बंधी हुई है और इससे आवाजे चारों तरफ फैलती हैं, मीनारे ऊंची होती है, ध्वनि यंत्र भी ऊंचे बंधे हुए हैं। अत्यधिक ऊंचाई पर लगे ध्वनि यंत्र से आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है। सीधा-सीधा



महापौर ने स्कूलों में शुरू हुई परीक्षाओं के अलावा आज से शुरू हो रही 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा और आगामी दिनों होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का हवाला भी दिया और कहा कि परीक्षा के पूर्व से विद्यार्थी परीक्षा की तैयारियां शुरू करते हैं वे भी प्रभावित हो रही है। वहीं बुजुर्ग और बीमार लोग भी मीनार की ऊंचाई से आ रही ध्वनि प्रदूषण से परेशान हो रहे हैं। महापौर ने कलेक्टर से कहा कि यदि डीजे और अन्य ध्वनि उपकरणों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, तो धार्मिक स्थलों पर लगे ऊँचे ध्वनि यंत्र के संदर्भ में भी उसी तर्ज पर कार्रवाई होनी चाहिए। महापौर ने कहा कि उन्हें खासतौर से वार्ड 72 आरटीओ रोड के अलावा वार्ड 41, 48 के रहवासियों ने मीनारों की ऊंचाई से आ रही ध्वनि प्रदूषण की शिकायतें भेजी है। शिकायत में कहा कि इन आवाजों से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। महापौर ने कहा कि शासन ने पूर्व में मस्जिद की मीनारों पर लगे ध्वनि यंत्र मुद्दे पर आदेश जारी किए थे तब सभी ध्वनि यंत्र हट गए थे। अब वे दोबारा लग गए हैं। इस मामले में अब प्रशासन को आदेश देकर विस्तृत जांच करना चाहिए। महापौर ने कलेक्टर से जल्द कार्रवाई की उम्मीद भी की। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में दो दिनों बाद से रमजान शुरू होना है। ऐसे में कलेक्टर कोई आदेश निकालते हैं तो उसका असर भी रमजान माह में दिखाई देगा।

# राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल अपने दो दिवसीय प्रवास पर कल इंदौर पहुंचे तो रेसीडेंसी कोठी पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर स्वागत भी किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हो रहे हैं। एनिमिया जागरूकता कार्यक्रम रथ को हरी झंडी भी दिखाएंगे और उसके पश्चात् आज दोपहर 2 बजे भोपाल रवाना होंगे।



# भाजपा की कामकाजी बैठक में मौजूद रहेंगे प्रभारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज भाजपा जहां जिला में शैलेन्द्र डागा की मौजूदगी में बैठक भाजपा कार्यालय में कर रही है वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि भाजपा नगर प्रभारी राजेश सोलंकी आज शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय पर कामकाजी बैठक में मार्गदर्शन देंगे। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता, नगर पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल, प्रदेश, मोर्चा प्रकोष्ठ, वार्ड पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सांसद, विधायक, पार्षदों को भी आमंत्रित किया गया है।

# भागीरथपुरा में भाजपा की ओर से कोई मदद नहीं की गई -कांग्रेस

### लम्बे समय से सरकार फिर भी किया जा रहा है धन संग्रह

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोदकुमार द्विवेदी ने सवाल उठाया कि विधानसभा 1 के वार्ड 11 स्थित भागीरथपुरा में बड़ी संख्या में दूषित पानी पीने से मौतें हुई है। द्विवेदी के मुताबिक दो मासूम बच्चों की मौत भी इसी कारण हुई है। द्विवेदी का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद शासन ने इसे आपदा क्षेत्र घोषित किया है और जहां आपदा क्षेत्र घोषित होता है, वहां चार लाख की सहायता दी जाती है, लेकिन प्रशासन ने मृतकों को 2-2 लाख रु. रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से दिए हैं वह भी सब लोगों को नहीं मिले हैं, जबकि कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने एक लाख रु. और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से 50 हजार रु. की आर्थिक मदद की गई। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि भाजपा नेता एवं प्रदेश अध्यक्ष बताएं कि भाजपा ने अपनी तरफ से कोई मदद की है क्या। द्विवेदी ने यह भी कहा कि केवल भाजपा का काम धन संग्रह करना ही है क्या। भाजपा ने तय किया है कि म.प्र. से करोड़ों रुपये की राशि एकत्रित करवाना है, इंदौर नगर और जिले से भी आजीवन सहयोग निधि के नाम पर भाजपा को धन संग्रह करना है। इस धन संग्रह के लिए भाजपा ने विधिवत नगर और जिला प्रभारी से लेकर प्रदेश प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा का स्वयं का कार्यालय है और प्रदेश में 2003 से सरकार काबिज है। नगर निगम में तो 1999 से भाजपाई परिषद है और देश में 2014 से भाजपा की सरकार है। देशभर में भाजपा के 500 के करीब कार्यालय है और दिल्ली में तो 100 करोड़ से अधिक का दफ्तर है उसके बावजूद भाजपा धन संग्रह कर रही है। भाजपा की मानसिकता पर भी द्विवेदी ने सवाल उठाया। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा द्वारा दल की ओर से आर्थिक मदद भागीरथपुरा के पीड़ित परिवारों को कराई जाएगी या फिर धन संग्रह करने वाली भाजपा की ओर से वे माफी मांग लेंगे।

# चंदननगर क्षेत्र में लगे काले झंडे

## पार्षदपति ने पकड़ा मैदान, 60 फीट नहीं, 40 फीट चाहिए रोड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क़ाफी लम्बे समय से चंदननगर से कालानी नगर तक सीधा रोड चौड़ीकरण के साथ निकालने की मांग की जा रही है। इसके प्रयास पूर्व में इंदौर विकास प्राधिकरण ने भी किए थे और लोगों को मुआवजा देने की इच्छा भी जाहिर की थी, लेकिन अब पूरा मामला नगर निगम के हाथ में हैं और निगम ने इस चंदननगर महत्वपूर्ण रोड को एयरपोर्ट रोड से जोड़ने के लिए अब हरी झंडी भोपाल से भी ले ली है। निगम ने इसे 60 फीट चौड़ीकरण के दायरे में लिया है। वहीं लोग इसे 40 फीट चौड़ीकरण चाहते हैं, इसी मुद्दे पर






आज सुबह चंदननगर क्षेत्र से जो रोड निकल रहा है वहां की दुकानें बंद की गई और हर दुकान व घरों पर काले झंडे भी लगे रहे। इधर कांग्रेस नेता और पार्षदपति रफीक खान ने भी आज अपने वार्ड के रहवासियों के हित में मोर्चा संभाला और सुबह से माइक पकड़कर लोगों से अलाउंस करते रहे कि वे आज 11 बजे बनने वाली मानव श्रृंखला में महिला, बच्चे, बुजुर्ग सहित सभी शामिल होवे। आज ठीक 11 बजे से सभी ने मैदान पकडना शुरू कर दिया। इनके हाथों में बैनर, पोस्टर तख्तियां थी और कई युवा विरोध क़े चलते काले स्वरुप में नजर आए। पार्षद पति रफीक खान ने भी काले कपडे पहन रखे थे। आज सुबह से चंदननगर क्षेत्र की दुकानें बंद थी, लोग घर और दुकान के बाहर बैठे रहे। इधर आज रफीक खान ने अपनी कांग्रेस के शहर प्रमुख चिंटू चौकसे और विधानसभा 1 के प्रभारी दीपू यादव को भी मानव श्रृंखला के लिए बुलवाया है, दोनों कांग्रेस नेता भी पहुंच ही रहे हैं और मानव श्रृंखला की तैयारी भी हो चुकी है। करीब दो घंटे 40 फीट रोड की मांग को लेकर मानव श्रृंखला बनवाई जा रही है, जिसका क्षेत्रीय नेतृत्व पार्षदपति रफीक खान कर रहे हैं। रफीक खान ने कहा कि रहवासी बोल रहे हैं, हमारे 80 फीट मकान ले लो, लेकिन 20 फीट हमें दे दो और 60 फीट की जगह 40 फीट का चौड़ीकरण कर दो।

# चंदननगर में खाकी की मुस्तैदी... ड्रोन से निगरानी और भारी फोर्स तैनात

## टीआई बोले- स्वेच्छा से बंद मंजूर, जबरदस्ती पर होगी जेल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के चंदन नगर इलाके में रोड चौड़ीकरण का मुद्दा अब गरमा गया है। नगर निगम की जेसीबी और रहवासियों के आशियानों के बीच छिड़ी इस जंग ने आज बड़ा रूप ले लिया है। रहवासियों और व्यापारियों ने मिलकर आज दोपहर 11:00 से 2:00 बजे तक बाजार बंद रखने और 'मानव श्रृंखला' बनाकर विरोध जताने का ऐलान किया है। हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए चंदन नगर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह 'अलर्ट मोड' पर है। सोमवार रात को ही एसीपी शिवेंदु जोशी और टीआई तिलक करोले ने भारी पुलिस बल के साथ गलियों में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च उन लोगों के लिए एक सीधा संदेश था जो विरोध की आड़ में शांति बिगाड़ने की सोच रहे हैं।

**ड्रोन की नजर और खाकी का पहरा-** आज होने वाले प्रदर्शन पर पुलिस सिर्फ जमीन से ही नहीं, बल्कि आसमान से भी नजर रखेगी। ड्रोन कैमरों के जरिए भीड़ के हर मूवमेंट और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। चन्दूवाले रोड और संवेदनशील चौराहों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

**जबरदस्ती की तो खैर नहीं!-** थाना प्रभारी तिलक करोले ने दो टूक शब्दों में कह दिया है 'लोकतंत्र में स्वेच्छा से बंद रखना सबका हक है, लेकिन अगर किसी ने जबरन दुकानें बंद करवाईं या माहौल खराब किया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शहर कांग्रेस की सूची कुछ नामों को लेकर रूकी

## कल कलेक्टर से भी नहीं मिल पाए कांग्रेसी, भागीरथपुरा मुद्दे पर बुलाई आज बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर कांग्रेस को 50 पदाधिकारियों की सूची भोपाल भेजना है, यह सूची रविवार को ही भोपाल पहुंचने वाली थी। ज्यादातर नेताओं ने कम नाम देकर एडजस्टमेंट कर लिया, लेकिन सूत्रों का कहना है कि दो नेताओं के डबल नाम होने की वजह से कुल दो नामों को लेकर इकाई का पेंच फंसा हुआ है।**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने ज्यादातर नेताओं को संतुष्ट करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि दो नेता ही अपने समर्थकों के नाम को लेकर फू-फा कर रहे हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों का यह भी कहना है कि बड़ी विधानसभा होने के बावजूद अध्यक्ष ने त्याग करते हुए अपनी विधानसभा से ही निर्धारित कोटे की जगह नाम कम किए हैं। विधानसभा 2 और 3 में से नाम कम आने की बात बताई जा रही है। वहीं विधानसभा 4 में भी नाम कम हुए हैं। सूची पहले ही तैयार हो गई थी, लेकिन कुछ नेताओं के राजनीतिक दबाव के चलते सूची रूकी हुई है। सूची भेजने की अंतिम तिथि 21 फरवरी है। संभावना है कि दो दिनों में यह सूची भोपाल पहुंच जाए। प्रभारियों के नामों का भी समावेश कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि शहर कांग्रेस कल सोमवार को भागीरथपुरा मृतक परिवार के मुद्दे पर प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात करना थी, लेकिन भागीरथपुरा के मृतक परिवारों की सूची पूरी नहीं होने की वजह से कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कल वहां नहीं पहुंचा। इस मामले में चिंटू चौकसे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि आज हमने दोपहर 1 बजे गांधी भवन में भागीरथपुरा से जुड़े प्रभारियों की बैठक बुलाई है और वे आज दोपहर भागीरथपुरा में मृतक परिवार की सूची लेकर पहुंचेंगे और सूची तैयार होने के बाद ही अब कलेक्टर से कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मिलेगा। कुल मिलाकर शहर कांग्रेस के पास एक सूची का मामला तो दूसरी भागीरथपुरा सूची का मामला लम्बित पड़ा है और दोनों ही मामलों को शहर कांग्रेस जल्द पूर्ण कर संगठन में मजबूती के प्रयास कर रही है। हर विधानसभा को भी कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रोफेशनल टीम के साथ सज्जित करना चाहती है।



## मंत्री पहुंचे कुबरेश्वरधाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सीहोर के कुबरेश्वरधाम पहुंचकर वहां रुद्राक्ष महोत्सव में शिरकत की और पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारबिन्द से हो रही शिव महापुराण कथा का रसपान भी किया।**

# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा का हुआ श्रीगणेश

## आज सुबह 10वीं के विद्यार्थी पहुंचे अपने भविष्य की सफलता के लिए सेंटर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज से सीबीएसई की 10वीं बोर्ड की परीक्षा का श्रीगणेश सुबह से हो गया। आज सुबह अपने भविष्य की सफलता के लिए विद्यार्थी निर्धारित समय के पहले ही अपने सेंटर पर पहुंचना शुरू हो गए थे। जिन सेंटर पर केन्द्र बनाए गए वहां परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थियों के साथ उनके स्कूलों के अध्यापक बतौर सावधानी बाहर खड़े होकर उन्हें गाइड कर रहे थे। विद्यार्थियों की सेंटर पर तलाशी भी हुई, उसके पहले उनके एडमिट कार्ड





भी चेक किए गए। उल्लेखनीय है कि पहले से एमपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है और आज सीबीएसई का भी पहला पेपर 10वीं का शुरू हुआ। इधर बोर्ड ने उड़नदस्ता भी तैनात कर रखे हैं। वहीं पुलिस से लेकर अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं भी सेंटर पर दिखाई दी। आज माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा में अंग्रेजी का पेपर भी सुबह से शुरू हुआ। जहां-जहां संवेदनशील केन्द्र है वहां आज बोर्ड ने लाइव निगरानी भी शुरू की है। जहां-जहां स्कूलों में केन्द्र बनाए गए हैं उनसे संबंधित थाना पर प्रश्न-पत्र रखे गए थे, जब प्रश्न पत्र केन्द्र में ले जाए गए तो उसकी वीडियोग्राफी भी की गई। आज परीक्षा केन्द्रों के बाहर कुछ भीड़ जमा हुई थी उन्हें भी हटाया गया था।

**वार्ड रैंकिंग जारी...**

# गली मोहल्लों और बेक लाइन में जमा कचरा कैसे होगा साफ?

## कचरा फैलाने वालों पर कैसे होगी कार्रवाई मापदंड तय नहीं? वार्ड स्वच्छता रैंकिंग का फॉर्मेट एनजीओ ने बनाया, निगम के जन प्रतिनिधि नहीं कर पाए परिवर्तन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम द्वारा हर साल 85 वार्डो के बीच स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस साल भी यह आयोजन हो रहा है और सोमवार को इसके लिए मापदंड तय करते हुए सभी पैरामीटर 85 पार्षदों और अधिकारियों को बताए गए लेकिन हर साल यह प्रतियोगिता होने के बावजूद भी शहर के प्रत्येक वार्ड में गली मोहल्ले में सफाई की स्थिति बदतर बनी रहती है केवल कुछ दिनों के लिए प्रतियोगिता जीत के लिए सफाई की जाती है इसके बाद सभी वार्डो की गली मोहल्लों में कचरो की बाढ़ सी आई हुई रहती है जिसको साफ करने और कचरा फैलाने वालों को दंडित करने एवं कचरा नहीं फेंकने के लिए मोटिवेशन करने वाली टीम मैदान में दिखाई नहीं देती।

### सभी वार्डों में फैला दिखाई देता है कचरा, बेक नहीं होती साफ़

दरअसल कल जिस प्रकार से वार्डो के बीच में स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता की शुरुआत की गई उसको जिस तरह से एनजीओ की टीम ने तैयार किया था वैसा का वैसा ही लोगों के सामने रख दिया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इसमें कोई नयापन लाने का प्रयास अपनी ओर से नहीं किया। मामले में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि इंदौर नगर निगम हर साल इस प्रतियोगिता पर करोड़ों रुपए खर्च करता है एवं अलग-अलग वार्ड को विजेता घोषित कर अतिरिक्त काम भी करवाता है लेकिन जिस उद्देश्य से यह वार्डो के बीच में प्रतियोगिता आयोजित की जाती है उसका उद्देश्य पूरा नहीं होता क्योंकि इसका उद्देश्य पूरे वार्ड की साफ सफाई एवं कचरा निपटान इस वार्ड में होना चाहिए, कचरा उस वार्ड से बाहर नहीं जाए यह इसका उद्देश्य है लेकिन नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि इस उद्देश्य को पूरा करने का लक्ष्य ही तय नहीं करते जिसके कारण हर साल केवल खाना पूर्ति करके स्वच्छता वार्ड रैंकिंग घोषित कर दी जाती है।

### तंग गलियों एवं बेक लेने में लगने चाहिए कैमरे

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने की घटना और 23 मौत होने के बाद नगर निगम की इस कमियों को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल किया गया। लोगों ने गली मोहल्लों और वार्ड के अंदर की गंदगी बता कर पूछा कि क्या यह देश का सबसे स्वच्छ शहर है? इसके बाद यह हकीकत सामने आई और सवाल यह है कि क्या नगर निगम कॉलोनी के गली मोहल्ले और बैक लेन के में फैली गंदगी को दूर कर सकेगा, इसके लिए कोई अभियान चलाया जाएगा साथ ही साथ रहवासियों को गंदगी नहीं करने के लिए मोटिवेशन और दंडित करने के लिए कोई सख्त कदम उठाए जाएंगे?

### वार्डों की स्वच्छता रैंकिंग में नयापन नहीं

इस साल इस प्रतियोगिता में नयापन होना चाहिए था क्योंकि पूरे शहर के लोगों ने नगर निगम की असलियत सोशल मीडिया पर डाली और कचरे के ढेर वीडियो में दिखाएं। निगम को मुख्य सड़कों की सफाई के साथ ही गली मोहल्ला की दैनिक सफाई के लिए भी सिस्टम खड़ा करना चाहिए ताकि इंदौर के स्वच्छता पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सके। प्रतिदिन क्लीन और पूरे वार्ड से कचरा उठाना चाहिए कहीं भी कचरे के ढेर या फिर कचरा जमा हुआ दिखाई नहीं दे यह स्वच्छता मानकों में पहले से ही तय है लेकिन इसके बाद भी इसका पालन नहीं होता।

### आगामी सालों में दिखाई देगा परिवर्तन

इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने वार्डों की स्वच्छता रैंकिंग जारी करते हुए कहा कि इस बार स्वच्छता रैंकिंग के मॉनिटरिंग को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। पूरा कॉन्सेप्ट रीसाइकिल रीयूज रिड्यूस पर बेस्ट है। हम वार्ड का कचरा वार्ड में ही खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं और लोगों को इसकी जानकारी दे रहे हैं, आने वाले सालों में यह जागरूकता और अधिक बढ़ेगी।

# एमबीए छात्रा हत्याकांडः आज होगा 'सीन रीक्रिएशन'

## आरोपी पीयूष ने कबूला- मेरे हाथों अनर्थ हो गया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**द्वारकापुरी क्षेत्र में हुई एमबीए छात्रा की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस आज दोपहर आरोपी पीयूष धमनोदिया को घटनास्थल ले जाकर 'सीन रीक्रिएशन' कराएगी। मुंबई से गिरफ्तार कर लाए गए आरोपी से रिमांड के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने में लगी है।**

थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अनुसार, आरोपी पीयूष को आज द्वारकापुरी स्थित उस कमरे में ले जाया जाएगा जहाँ उसने हत्याकांड को अंजाम दिया था। इस दौरान पुलिस यह समझने की कोशिश करेगी कि उसने किस क्रम में वारदात की और भागने का रास्ता क्या था। कल रिमांड की अवधि समाप्त होने पर उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पूछताछ के दौरान आरोपी पीयूष ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूलते हुए एक सादे कागज पर लिखा कि 'उसने गलत किया और उसके हाथों अनर्थ हो गया है।' उसने पुलिस को कुछ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं।आरोपी ने बताया कि फरारी के दौरान उसने ट्रेन के सामने कूदकर जान देने की कोशिश की थी, लेकिन ऐन वक्त पर डर की वजह से वह पटरी से हट गया। पुलिस ने जब मृतका के मोबाइल के बारे में पूछा, तो उसने बताया कि मोबाइल तोड़कर उसने चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य एकत्रित कर लिए हैं। मृतका के मोबाइल की तलाश के लिए भी तकनीकी टीम जुटी हुई है। सीन रीक्रिएशन के बाद पुलिस की चार्जशीट और मजबूत होगी।

# देपालपुर का कचरा उठाने पहुंची इंदौर नगर निगम की टीम

## आज दिन भर में 150 टन कचरा होगा साफ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम की टीम आज देपालपुर में वेस्ट को उठाने के लिए पहुंच गई है। वहां पर मौजूद 150 टन कचरे को आज एक दिन में साफ किया जाएगा।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा पहले भी देपालपुर से कचरा साफ करने के लिए कार्यक्रम तय किया गया था। लेकिन उसी दिन भागीरथपुरा में दूषित जल का हादसा हो गया। जिसके चलते हुए इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। नगर निगम के द्वारा केंद्र सरकार के निर्देश पर देपालपुर को गोद लिया गया है और उसे सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करने का बीड़ा उठाया गया है।

इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा यह तय किया गया है कि हर शहर को अपने पास के छोटे शहर को गोद लेना होगा और उसे भी अपनी तरह स्वच्छ बनाना होगा। इन दोनों शहरों की स्वच्छता को देखकर ही बड़े शहर को अंक दिए जाएंगे। केंद्र सरकार के इस फैसले के कारण इंदौर नगर निगम ने देपालपुर को गोद लेकर वहां पर स्वच्छता की व्यवस्था को आकार दे दिया है।

अब वहां पर पिछले कई सालों का मौजूद इकट्ठा किया हुआ कचरा पड़ा हुआ है। इस कचरे को साफ करने के लिए आज इंदौर नगर निगम की टीम देपालपुर पहुंच गई है। चार बसों में भरकर निगम के सारे अधिकारी और कई कर्मचारी वहां पहुंचे हैं। इसके साथ ही निगम के द्वारा बड़ी संख्या में मशीन भी देपालपुर भेजी गई है।

# एम.वाय. अस्पताल प्रबंधन ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

## स्ट्रेचर पर जाते मरीज मामले में कहा- मामला अस्पताल का नहीं बाहर रोड का

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाने का एक वीडियो वायरल हुआ और वह वीडियो प्रथम दृष्टियां एमवाय का बताया गया उसी के बाद एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने उस वीडियो की जांच की और फिर कहा कि यह वीडियो एमवाय अस्पताल के सामने रोड का है, प्रबंधन ने यह भी कहा कि एमवाय में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से वीडियो में दिख रहा स्ट्रेचर एम.वाय. अस्पताल का प्रतीत नहीं हो रहा है और मरीज एम.वाय. अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में भी नही आया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एम.वाय. अस्पताल में मरीजों को भेजने के लिए 108 एम्बुलेंस की सुविधा सेन्ट्रलाईज सिस्टम द्वारा उपलब्ध है। सिक्यूरिटी गार्ड एवं अन्य कर्मचारियों का तथा वीडियो रिकॉर्डिंग का परीक्षण किया जा रहा है। सिक्यूरिटी गार्ड/स्ट्रेचर बॉय को स्ट्रेचर पर किसी भी मरीज को अस्पताल परिसर से बाहर नहीं ले जाने के स्पष्ट निर्देश है। पूरे मामले की जांच हो रही है।



# वरिष्ठ पत्रकार जाखेटिया को दे रहे हैं राज्यपाल सम्मान

## दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरिष्ठतम पत्रकार जितेन्द्र जाखेटिया ने कई सालों की मेहनत कर पीएचडी की थी और उसी सफलता के आधार पर उन्होंने डॉक्टरेट की और इस डॉक्टरेट की उपाधि आज उन्हें दीक्षांत समारोह में प्रदेश के राज्यपाल डॉ. मंगु भाई पटेल के हाथों दी जा रही है। जाखेटिया ने देश में पहली बार स्वच्छता पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से पीएचडी की है। जाखेटिया 1986 से पत्रकारिता में रहते हुए इंदौर के विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्य कर चुके हैं। आज इस सफलता पर कई मीडिया कर्मियों ने जाखेटिया को बधाई दी है।






### मलेरिया जागरूकता को लेकर रवाना किए ई-रिक्शा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया जागरूकता को लेकर आज एमटीएच कम्पाउण्ड से कई ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी इस दौरान मौजूद रहे।

# स्वर्ण-रजत पदक से अलंकृत होंगे मेधावी विद्यार्थी, शोधार्थियों को मिलेगी उपाधि

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का गौरवशाली दीक्षांत समारोह आज प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति महामहिम मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में दो विद्यार्थियों को डीलिट एवं 220 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। कुलाधिपति मेधावी विद्यार्थियों को 217 स्वर्ण और रजत पदक से अलंकृत भी करेंगे।

कुलपति डॉ. राकेश सिंघई ने बताया, देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह की एक गौरवशाली परंपरा रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। आज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित लोकमाता देवी अहिल्या आडिटोरियम में समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति महामहिम मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता में समारोह आयोजित होगा। समारोह में पद्मश्री नारायण व्यास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सांसद शंकर लालवानी और विधायक राकेश शुक्ला विशेष अतिथि होंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रज्ज्वल खरे ने बताया, समारोह में कुलाधिपति पटेल मेधावी विद्यार्थियों के साथ ही डीलिट् और पीएचडी के शोधार्थियों को भी अलंकृत करेंगे। मेधावी विद्यार्थियों को 217 स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किये जाएंगे। साथ ही दो शोधार्थियों को डी.लिट् और 220 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान दी जाएगी। समारोह की पूरी तैयारी कर ली गयी है।

## गणवेश वितरण के साथ ही अंतिम रिहर्सल भी

सोमवार को दीक्षांत समारोह की अंतिम रिहर्सल हुयी, जिसमें कुलपति, कार्यपरिषद के सदस्यों के साथ ही सभी विभागाध्यक्ष शामिल हुये। समारोह के लिये विद्यार्थियों और शोधार्थियों को विशेष गणवेश का वितरण भी किया गया।

## साक्षी जैन को 6 और भव्या को 5 स्वर्ण पदक

2023-24 और 2024-25 के लिये हो रहे दीक्षांत समारोह में सबसे ज्यादा पदक साक्षी जैन को मिले है। साक्षी को (2024-25) 6 स्वर्ण पदक मिले है, जो बीई सिविल की छात्रा है। दूसरे नंबर पर भव्या त्रिपाठी (2023-24) को 5 स्वर्ण पदक मिले है। भव्या भी बीई सिविल की छात्रा है।

## वर्ष 2023-24

1. पदक संख्या-5, विद्यार्थी की संख्या - 1

विद्यार्थी का नाम- भव्या त्रिपाठी, बीई, सिविल इंजीनियरिंग, 5 स्वर्ण पदक।

2. पदक संख्या-3, विद्यार्थी की संख्या-2

विद्यार्थियों का नाम- अनुष्का गौड़, बीई, कम्प्यूटर साइंस, 3 स्वर्ण पदक। सना शेख, एलएलबी, 3 स्वर्ण पदक।

वर्ष 2024-25

1. पदक संख्या-6, विद्यार्थी की संख्या-1

विद्यार्थी का नाम- साक्षी जैन, बीई, सिविल इंजीनियरिंग, 6 स्वर्ण पदक।

2. पदक संख्या-3, विद्यार्थी की संख्या-7

विद्यार्थियों के नाम

- सौम्य जेम्स, बीए, 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक।
- क्षुति पाटिल, एम.एस.सी., रसायन विज्ञान, 3 स्वर्ण पदक।
- प्रांजल सक्सेना, बी.ई., मैकेनिकल इंजीनियरिंग, 3 स्वर्ण पदक।
- वर्तिका कुमारी, एल.एल.बी., 3 स्वर्ण पदक।
- अश्मित सलुजा, एम.एससी, गृह विज्ञान, 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक।
- अनुराग यादव, बी. ई., कंप्यूटर साइंस,3 स्वर्ण पदक
- भावना नानेरिया, एम.एड., 3 स्वर्ण पदक।

# किला मैदान से सदर बाजार तक सड़क को निगम करेगा चौड़ा

## *100 से ज्यादा मकानों को दिए निगम ने तोड़फोड़ के लिए नोटिस*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर नगर निगम के द्वारा किला मैदान से लेकर सदर बाजार तक की सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए निगम के द्वारा सबसे ज्यादा मकानों को तोड़फोड़ के नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।**

निगम की ओर से किला मैदान रोड पर स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास से जूना रिसाला में से होते हुए सदर बाजार तक जाने के लिए चौड़ी सड़क का निर्माण करने का फैसला लिया गया था। इस फैसले के तहत पहले ही सर्वे का कार्य पूरा कर दिया गया था। इसके बाद में निगम के द्वारा नागरिकों को यह जानकारी दे दी गई थी कि यहां पर 60 फीट चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में यह सड़क कहीं पर 20 फीट कहीं पर 30 फीट तो कहीं पर 35 फीट की है। ऐसे में इस सड़क के निर्माण में बड़ी संख्या में तोड़फोड़ करना पड़ेगी। अब नगर निगम के द्वारा इस सड़क के निर्माण के कार्य को प्राथमिकता के साथ हाथ में लिया जा रहा है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस सड़क के निर्माण को आकार देने के लिए 100 से ज्यादा मकान के मालिकों को निगम के द्वारा नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस सड़क के निर्माण के कारण इन मकानों के बड़े हिस्से तोड़फोड़ के शिकार होने की स्थिति में आ गए हैं।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा कर ली गई बैठक में निगम के अधिकारियों को इस सड़क का कार्य तेज गति के साथ शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि नागरिकों को नोटिस देने की प्रक्रिया को तेज गति के साथ चलाया जाए। इसके साथ ही सेंटर लाइन डालकर सड़क के दोनों ओर तोड़फोड़ के निशान लगाने के काम को भी तेजी के साथ किया जाए।

## सुभाष मार्ग के समानांतर होगी रोड

इस सड़क के निर्माण से यह फायदा होगा कि सुभाष मार्ग के समानांतर रूप से एक सड़क किला मैदान से सदर बाजार तक बन सकेगी। सदर बाजार से पहले से ही एक सड़क ऐसी बनी हुई है जो की रामबाग तक जाती है। और फिर रामबाग से लोखंडे पुल होते हुए डीआरपी लाइन के पास में जाने वाला भी चौड़ा मार्ग बना हुआ है। ऐसे में इस सड़क के चौड़ा बन जाने से किला मैदान रोड से चिमनबाग, जेल रोड की तरफ जाने वाले लोगों को सुभाष मार्ग की तरफ नहीं आना पड़ेगा। इससे सुभाष मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा जिसके चलते हुए वहां पर सुलभ तरीके से यातायात चल सकेगा।

# सुभाष चौक से हनुमानजी के जयकारों के साथ निकलेगी प्रभातफेरी

## 29 मार्च से प्रारंभ होंगे चार दिवसीय धार्मिक आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विशेष श्रृंगार और आरती के लिए चर्चित सुभाष चौक राजबाडा स्थित रामभक्त हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव महापर्व मनाया जाएगा। पुजारी जीतू गुरुजी ने बताया कि आयोजन की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई है। 29 मार्च को अभिषेक से कार्यक्रम की शुरुआत होगी 1 अप्रैल को सुबह 5 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी, भगवान स्वयं नगर भ्रमण पर निकलकर प्रजा का हाल जानते हुए भक्तों को दर्शन भी देंगे। प्रभातफेरी सुभाष चौक से राजबाडा, सराफा चौराहा, बर्तन बाजार,



सांठा बाजार, सीतलामाता बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। राम भक्त हनुमानजी के रथ को वृंदावन की टीम सज्जित करेंगी। वहीं भजन और कीर्तन मंडलियां भी अपनी भूमिका निभाएंगी। ढोल-ढमाके, बैण्डबाजा, बग्घी यात्रा में रहेंगे। 2 अप्रैल को हनुमान के जन्मोत्सव पर सुबह 6 बजे कांकडा आरती होगी, महाआरती 8 बजे होगी, हरिकिशन साबू की भजन संध्या रात 9 बजे से होगी, 4 अप्रैल को चलित महाप्रसादी का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि मंदिर और बाबा से हजारों की तादाद में श्रद्धालु जुडकर आस्था की दरकार रखते है। प्रभातफेरी से लेकर आरती, भजन संध्या और अन्य धार्मिक आयोजन में चार दिनों तक जमकर भीड मंदिर में रहेगी।

# भोपाल में श्वानों के आतंक पर होगी आज विधानसभा में चर्चा

## इंदौर पर किसी का ध्यान नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**मध्य प्रदेश विधानसभा के कल से शुरू हुए सत्र में आज भोपाल में श्वानों की बढ़ती संख्या और उनके आतंक पर चर्चा होगी। प्रदेश के व्यापारिक राजधानी के रूप में पहचाने जाने वाले शहर इंदौर में श्वानों के आतंक को लेकर किसी का ध्यान नहीं है।**

प्रदेश विधानसभा के सत्र में आज भोपाल के विधायक आतिफ आरिफ अकील और राजन मंडलोई के द्वारा भोपाल में श्वानों की बढ़ती जनसंख्या और उनके बढ़ते हुए आतंक के विषय पर प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रस्ताव पर सदन में विशेष चर्चा होगी। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि भोपाल में श्वानों की जनसंख्या बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही श्वानों का आतंक भी बढ़ते जा रहा है। जिसके चलते हुए भोपाल के नागरिकों में डर की स्थिति बनी हुई है। इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होगी और इस चर्चा का जवाब नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा दिया जाएगा।

प्रदेश का सबसे बड़ा शहर इंदौर के नागरिक भी श्वानों की बढ़ती जनसंख्या और उनके बढ़ते आतंक से परेशान है। इंदौर नगर निगम के द्वारा श्वानों की आतंक पर नियंत्रण के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से इस समस्या पर नियंत्रण की पहल जरूर की गई लेकिन काम कुछ नहीं हो सका। इंदौर के किसी भी विधायक के द्वारा विधानसभा में श्वानों के आतंक पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव नहीं दिया गया है।

## शेल्टर होम बनाने की पहल

इंदौर में नगर निगम और जिला प्रशासन के द्वारा श्वानों के लिए शेल्टर होम बनाने और इसका संचालन स्वयं सेवी संगठनों के द्वारा किए जाने की पहल की गई है। इस तरह की पहल अभी केवल बातचीत और कागजों पर सीमित है। हकीकत में इस तरह की पहल पर कहीं कोई काम नहीं हो सका है।

# सामाजिक कार्यकर्ता और जनसंगठन पदाधिकारियों ने की बैठक

## उठाया अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, पेड़ काटने का मुद्दा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर मे हो रही अव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक मंच के माध्यम से इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनसंघटनों से जुड़े तमाम कार्यकर्त्ता और पदाधिकारियो ने मिलकर इंदौर की समस्याओं को लेकर गंभीरता के साथ चर्चा की। शासन-प्रशासन, नगर निगम और राजनेताओं की अदूरदर्शिता, अव्यवस्था को लेकर आ रही



परेशानियां पर चर्चा हुई। खराब योजनाओं को लेकर कमीशनखोरी, साधनों का दुरुपयोग, सडक को बार-बार खोदना, भागीरथपुरा में कई मौत के बाद भी अभी भी स्वच्छ पानी निगम पूरे शहर को नहीं दे रहा है, सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था, विकास के नाम पर अंधाधुंध पेडों की कटाई, बढ़ते बिजली बिल, बढ़ते टैक्स, शहर में बढ़ते अपराध और नशे की लत, महिलाओं पर बढ़े अत्याचार को लेकर भी चर्चा की गई। सामाजिक गम्भीर विषयों पर आगामी दिनों संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा। मीटिंग में राहुल निहोरे, रुद्रपाल यादव, रामस्वरूप मंत्री, सीएल शेरावत, प्रमोद नामदेव, अरुण चौहान, कैलाश लिंबोदिया, भागीरथ कच्छवाह, सफी शेख, ललित शर्मा, मीना श्रीवास्तव, फादर पायस, ज्ञानी रायकवार, सलमान मंसूरी आदि उपस्थित रहे। अब मीटिंग 26 फरवरी को शाम 5 बजे इंदौर समाचार प्रेस में आयोजित की जाएगी। जिस पर फिर विस्तृत चर्चा होगी।




# सर्वोदय स्कूल के कई विद्यार्थी हुए सम्मानित

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मध्य सदर बाजार स्थित सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों को अलग-अलग गतिविधियों और उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कल सम्मान का आयोजन किया गया। प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि करीब 100 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं अन्य गतिविधियों जिनमें खेल, डांस, म्यूजिक सहित अलग-अलग डे पर किए गए आयोजन के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यापक और अन्य भी मौजूद रहे।



## एनीमिया स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने आदर्श कन्या आश्रम में एनीमिया स्क्रीनिंग हेल्थ कैंप का आयोजन किया। बच्चों में रक्त की कमी की पहचान को लेकर जांच की गई। 40 बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच की गई। डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. रक्षा शेंडे, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. अमित बंग ने सेवाएं दी**

## दिगम्बर जैन ग्रुप के पदाधिकारियों ने ली शपथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ने अहिल्या थीम पर आधारित शपथ विधि समारोह आयोजित किया। पदाधिकारियों ने शपथ ली। होलासराय सोनी, नीरज जैन ने बताया कि अतिथि सोनाली जैन, सुमंत जैन, प्रदीप चौधरी थे। सुशील पाण्डया ने संजय सुनीता जैन, नीरज सीमा जैन, जयप्रकाश चन्द्रकांता भरडा एवं कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नए पदाधिकारियों ने ग्रुप और समाज को ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया। होलासराय सोनी, आरके जैन, सुमंत लुहाड़िया, हंसमुख गांधी, दिलीप मेहता, विमल अजमेरा, हँसल पहाड़िया, सोहनलाल सरावगी, पवन बड़जात्या, सुधीर रजनी जैन, हंसमुख गांधी, दीपिका, मनीष स्वर्णा जैन, दीपक दीपिका गंगवाल, अजय सपना जैन, निलेश नीलिमा गंगवाल, सुनील सुप्रिया जटाले, श्रेयांश हिमानी जैन एवं प्रदीप नीलम जैन ने अपनी भूमिका निभाई। आशा होलास सोनी, कमल किरण अग्रवाल, नीरज सीमा जैन, सुभाष रजनी काला, संगीता पारस जैन, दीपिका दीपक जैन एवं संगीता-दिलीप मेहता को सम्मानित किया गया।

## पोखरना का निधन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

**प्रकाशचंद, वीरेन्द्र, दिनेश पोखरना कोदवाले के भाई और सोनू, अंजलि, निधि के पिताजी दिलीप पोखरना का निधन हो गया। उनकी शवयात्रा आज दोपहर 1 बजे नार्थ राजमोहल्ला गुमाश्ता भवन से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम जाएगी।**



## एकल कला प्रदर्शनी का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजस्थान से आए कलाकार डिक्सित ने एकल कला प्रदर्शनी का तीन दिवसीय आयोजन किया। तीन दिनों तक कला प्रेमियों में एब्स्ट्रैक्ट आर्ट, मॉडर्न आर्ट, टेक्सचर आर्ट, कंटेम्पररी आर्ट और वॉल आर्ट प्रमुख रूप से निहारी। कलास्तंभ की संस्थापक सपना कठफर ने बताया कि यह इंदौर में पहला अवसर था जब राजस्थान के कलाकार डिक्सित की सोलो आर्ट एग्ज़िबिशन आयोजित की गई।

## पाटोदी को मिला लाइव टाइम अचिवमेंट अवार्ड



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कुश्ती दंगल का आयोजन बड़े रूप में नवीन गोधा और मानसिंह यादव ने किया। इस कार्यक्रम में म.प्र. कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायणसिंह यादव, कुश्ती महाबली सतपाल पहलवान भी मौजूद थे। भारतीय कुश्ती पत्रिका सालोंसाल से निकालकर कुश्ती को प्राथमिकता देने पर कुश्ती दंगल के दौरान दिग्गजों ने स्वामी और सम्पादक व समाजसेवी नकुल पाटोदी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भाई नारायणसिंह यादव की मौजूदगी में सम्मानित किया।

## त्रिवेदी स्मृति में व्याख्यान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधीवादी विचारधारा के काशीनाथ त्रिवेदी की स्मृति में हुए व्याख्यानमाला में डॉ. प्रीति जोशी ने उद्बोधन दिया। इस दौरान अनिल त्रिवेदी, अरविंद जवलेकर, कविता त्रिवेदी, सूर्यकान्त नागर, हरेराम वाजपेयी, अनिल भोजे, डॉ. पद्मा सिंह, डॉ. शरद पंडित सहित अन्य मौजूद थे।




# नेशनल लोक अदालत में ब्याज पर मिलेगी सौ फीसदी छूट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नेशनल लोक अदालत 14 मार्च शनिवार को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौते के माध्यम से हल किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली जोन, वितरण केन्द्र, विजिलेंस कार्यालय से संपर्क करें। शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू एवं 10 हार्स पावर भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं 100 प्रतिशत ब्याज की राशि की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर लगने वाले ब्याज पर 100 प्रतिशत राशि की छूट दी जाएगी। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आंकलित सिविल दायित्व राशि 10 लाख रू. तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। विद्युत कंपनी ने लोक अदालत में देय छूट का लाभ लेने एवं दर्ज प्रकरणों के समाधान की अपील की है।

# आज से बोहरा समाज का रमजान माह पर्व शुरू

## धर्मगुरु के प्रतिनिधि का किया इस्तकबाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



आज से एक माह का रमजान पर्व बोहरा समाज का शुरू हुआ। आज सुबह से रोजा भी बोहरा समाजजनों द्वारा रखा गया है। निर्धारित समय के बाद शाम को रोजा इफ्तार के आयोजन भी होंगे। बोहरा समाज से जुड़े मजहर हुसैन सेठजीवाला ने बताया कि समाजजनों द्वारा रोजाना रोजा एक माह तक रखे जाएंगे, इबादत भी इस पूरे माह होगी, इसकी तैयारियां सभी बोहरा बाहुल्य क्षेत्र में हो चुकी है। धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के प्रतिनिधि के रुप में सैफी नगर मस्जिद में इस बार जनाब मुस्तनसिर भाईसाहब बिन बहलूल मुंबई से विमान द्वारा इंदौर सैफी नगर तशरीफ़ लाए। उनका बुका देकर इस्तकबाल किया गया। मजहर हुसैन सेठजीवाला, शेख बाकिर दवाईवाला, शेख खुजेमा पेटीवाला, शेख आबिद लेमन वाला, युनुस सलीम, ताहेर रतलाम वाला, जुजर देवास वाला, जौहर मानपुर वाला, मुस्तफा हवेली वाला सहित अन्य मौजूद थे। सेठजीवाला ने बताया कि बाबजी नगर, मसाकीन सैफिया, बोहरा बाखल, सियागंज, न्यू सैफीनगर, हाकीमी विहार, हैदरी टाउनशिप, छावनी, नूरानी नगर, कृष्णपुरा, हसनजी नगर, अम्मार नगर, हकीमी बाग क्षेत्रों में आज से 18 मार्च तक रमजान का पर्व मनाया जा रहा है। आज पहला रोजा भी शुरू हो चुका है।

# मराठा मंडल और प्रतिष्ठान करेगा शिवाजी जयंती पर आयोजन

## राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना दिवस के रूप में होगा चार दिवसीय आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म .प्र .क्षत्रिय मराठा मंडल एवं छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान द्वारा 19 से 22 फरवरी तक चार दिवसीय छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य समारोह 19 फरवरी को सुबह 8.15 बजे शिवाजी प्रतिमा एबी रोड पर होगा। कार्यक्रम में राजनेताओं को भी अतिथि बनाया गया है। 20 फरवरी को छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था तिलक पथ पर शाम 7.30 बजे से संगीत निशा का आयोजन होगा। 21 फ़रवरी को सुबह 11.30 बजे छत्रपति स्कूल में देशभक्ति गीतों का आयोजन विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा किया जाएगा। 22 फरवरी को शिव मंदिर उषानगर में चित्रकला प्रतियोगिता होगी। मनोहर पंवार, बबन कदम, विनोद नागरे, अशोक गायकवाड, अमित आमणापुरकर, राजेश निकम, दीपक फाल्के, विकास चव्हाण, विजय पुणेकर, ललित ठोम्बरे,जी.आर.कदम, वीरेन्द्र पुणेकर, विक्रांत आखरे, सुरेश सुरोशी, रवींद्र गट, कोमल राव बोराडे, प्रभाकर चोखंडे, यतीन कुमकर, शिवाजी वामनकर, डॉ.आशा गायकवाड, साक्षी नागरे, राजश्री चिटनिस, लता पवार ने समारोह को सफल बनाने की अपील की है।



## गाडराखेड़ी में भी शुरू हुआ अमावस्या पर अन्नदान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हेमराज चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि दादू महाराज संस्थान से प्रेरणा लेकर आज से अमावस्या पर गाडराखेड़ी में भी अन्नदान प्रारंभ किया गया है। आयोजन के पूर्व दादू महाराज का सम्मान भी किया गया।

## सम्मेलन का निमंत्रण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री अग्रवाल महासभा द्वारा 28 से 30 मार्च तक गांधी हॉल परिसर में होने वाले तीन दिवसीय निःशुल्क अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन का पहला न्यौता खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया। संस्था के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।





## महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धरावरा धाम के संस्थापक साकेतवासी घनश्याम दास महाराज की पुण्यतिथि के प्रसंग पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में 22 फरवरी से होने वाले मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी गई।



## मालवा क्विन्स क्लब ने किया आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मालवा क्विन्स क्लब से जुड़ी किरण जिरेती ने बताया कि संस्था ने पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, वेलेंटाइन-डे भी मनाया। 40 सदस्यों ने गेट-टू-गेदर आयोजन में चॉकलेट प्रतियोगिता, रैम्प वॉक, हार्ड गेम सहित अन्य खेलें। किरण जिरेती और सुचित्रा दुबे ने जज की भूमिका निभाई। कुंजन चाबा, सुनीता मंत्री, बलवंत ढिल्लो, अल्पा, सुलोचना पटेल, पूनम, श्रुति, संगीता, सुष्मा, उषा, निशा, रेखा, नीता सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# गोवर्धननाथ मंदिर में कल शाम शोभायात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्राचीन गोवर्धननाथ मंदिर यशवंतगंज में इन दिनों धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। वल्लभकुल से जुड़े कई लोग बाहर से भी हवेली में पहुंचे हैं। मंदिर हवेली में साज, श्रृंगार और मनोरथ भी किए जा रहे हैं। गोस्वामी बालक का मंगलमय यज्ञोपवित संस्कार आयोजित किया जा रहा है। कल 18 फरवरी की शाम 7 बजे से गोवर्धननाथ मंदिर से विनेकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। वल्लभकुल परिवार, वैष्णवजन बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। यह यात्रा गोराकुण्ड, खजूरी बाजार होते हुए शहर के मध्य से वापस मंदिर आएगी, जगह-जगह वैष्णवजन स्वागत करेंगे। वहीं मुख्य यज्ञोपवित संस्कार 19 फरवरी को सुबह 9 बजे से दस्तूर गार्डन में होगा। नीलेश नीमा डेरी, सुरेश ठाकुर, मनोज नागर, प्रमोद नागर प्रमोद नागर ने वैष्णवजनों से आयोजन में शामिल होने की अपील भी की है।

# संस्था अग्र दया ने किया आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था अग्र दया से जुड़े अग्रवाल समाज के दम्पति सदस्यों ने वेलेंटाइन दिवस मनाया। सीता जगदीश गोयल, प्रज्ञा नीलेश अग्रवाल, धारा महेंद्र गर्ग एवं शिल्पा राजेश अग्रवाल की मौजूदगी में विजेता मुक्ति गोपाल अग्रवाल, आरती अरूण गोयल, नम्रता राजेश गर्ग, पिंकी पंकज अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।



# मूसाखेडी क्षेत्र की आदिवासी बस्ती में मॉडल स्कूल की सौगात ठंडे बस्ते में

## 13 महीने पहले भूमि पूजन के बाद भी निगम ने अभी तक शुरू नहीं किया काम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 54 में स्थित मूसाखेड़ी क्षेत्र की आदिवासी बस्ती भील कॉलोनी में करोड़ों रुपए की लागत से मॉडल स्कूल की सौगात देने की पहल निगम अफसरों ने ठंडे बस्ते में डाल रखी है। हालत यह है कि 13 महीने पहले भूमि पूजन के बावजूद स्कूल भवन निर्माण का कार्य लंबे समय से फाइलों में उलझा पड़ा है। जबकि यहां नर्सरी से आठवीं तक क्षेत्र के आदिवासी समाज के छात्र और छात्राओं के लिए विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल द्वारा 13 महीने पहले क्षेत्र के पहले मॉडल स्कूल के रूप में लगभग पौने दो करोड रुपए की लागत से भव्य स्कूल इमारत बनाने के लिए भूमि पूजन किया गया था। लेकिन निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही से हालत यह है कि इतने समय बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि विधायक हार्डिया और पार्षद बसवाल के लगातार प्रयासों से निगम द्वारा फाइल मंजूरी के बाद यहां क्षेत्र के बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले तीन मंजिला मॉडल स्कूल की सौगात दी जाना थी। लेकिन निगम ने पैसों के संकट और अन्य कारणों से अभी तक यहां के स्कूल निर्माण का कार्य फाइलों में अटका रखा है। जबकि अब तक तो यहां बिल्डिंग बनकर तैयार भी हो जाना थी।

क्षेत्रीय रहवासी आदिवासी मालवा भील सेवक संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंगार का कहना है कि क्षेत्र के रहिवासियों की मांग पर विधायक और पार्षद के प्रयासों से हमने क्षेत्र के गरीब निर्धन आदिवासी बच्चों के लिए एक मॉडल आदर्श स्कूल बनाने की प्लानिंग की थी। जिसकी सौगात देने के लिए पिछले साल विधायक, और पार्षद के प्रयासों से यहां भूमि पूजन किया गया था, लेकिन निगम अफसर की अनदेखी से इतने समय बाद भी अभी तक स्कूल का काम शुरू नहीं हो पाया। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी परेशान है। यहां रहने वाले बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाई के लिए ज्यादा फीस भरना पड़ती है। यही नहीं मजबूरी में पढ़ाई का ज्यादा खर्च उठाना पड़ता है। वहीं सरकारी स्कूल दूर होने से छात्राओं को वहां जाने में भी परेशानी होती है।



## पालदा का श्रीराम नगर अब सीधे जुड़ जाएगा नाके के मैनरोड से

### ड्रेनेज लाइन डालने के बाद भीतर से मुख्य मार्ग तक होगा सीमेंटीकरण कार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राऊ विधानसभा के पालदा क्षेत्र में स्थित श्रीराम नगर की आधा दर्जन गालियां अब बेहद जल्द सीधे मैनरोड़ से जुड़ने वाली है। जिसके लिए वर्तमान में यहां भीतर से लेकर बाहर मुख्य मार्ग तक ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके बाद आने वाले दिनों में यहां भीतर की गलियों से लेकर बाहर मुख्य मार्ग तक जल्द नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इसके बाद क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवारों की सालों पुरानी मांग पूरी होगी।

### रहवासी बोले-अब बारिश के सीजन में कीचड़ से होकर नहीं जाना पड़ेगा मैनरोड

बड़ी बात यह है कि क्षेत्र के रहवासी परिवारों का कहना है कि पालदानाका के पास मैनरोड़ से बेहद नजदीक श्रीराम नगर में लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी निगम और जनप्रतिनिधियों से भीतर की गलियों में ड्रेनेज लाइन और एक जैसी सीमेंटेड सड़क बनाने की मांग कर रहे थे ताकि यहां का पूरा क्षेत्र भी नाके की मैनरोड़ से सीधा जुड़ जाए। वहीं लाइन डालने के बाद फिर एक जैसी नई सड़क की सौगात भी मिलने वाली है, ताकि बारिश के सीजन में लोगों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी।



## भूतेश्वर महादेव मंदिर के पीछे जनकपुरी के रहवासियों को जल्द मिलेगी नई सड़क की सौगात

### भीतर से लेकर एमआर 10 सर्विस रोड़ तक हो रही नई सीमेंटेड सड़क तैयार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा दो के एमआर 10 मार्ग पर सर्विस रोड़ के पास स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर के पीछे जनकपुरी कॉलोनी के रहवासियों को आने वाले दिनों में बेहद जल्द नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके लिए वर्तमान में कॉलोनी के भीतर से लेकर मुख्य मार्ग एमआर 10 सर्विस रोड़ तक नई लंबी - चौड़ी सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य तेजी के चल रहा है। जिसके तहत आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार भी हो गई है। जिससे अब क्षेत्र के सैकड़ो परिवारों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे थे। जिसका पिछले दिनों काम शुरू हुआ था जो अब जाकर लगभग पूरा होने को है।

### कालोनी के भीतर की कई गलियां सड़क निर्माण से जुड़ेगी सर्विस रोड़ से

वहीं खास बात यह है कि भूतेश्वर महादेव मंदिर जनकपुरी कालोनी के रहवासियों का कहना है कि भीतर की कई गलियों में लंबे समय से आधी अधूरी सड़क थी यही नहीं कालोनी का मुख्य मार्ग भी अधूरा था। पिछले दिनों निगम ने पहले ड्रेनेज लाइन डालने का काम शुरू किया और फिर सड़क निर्माण का काम शुरू किया था जो अब पूरा होने को है। इससे आने वाले दिनों में इस क्षेत्र के लोग अब नई सड़क से होकर सीधे एमआर 10 की सर्विस रोड़ पर आसानी से आ जा सकेंगे। इसको लेकर अभी यहां तेजी से काम पूरा किया जा रहा है। ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सकें।

# पहले दालों में आई जोरदार तेजी

## अब तुवरदाल सहित अन्य दालों में फिर घटने लगे बाजार

### 10 दिनों में 1000 से 1200 रु. प्रति क्विंटल तक कम हुए तुवरदाल के भाव

### 13800 से 12700 प्रति क्विंटल के निचले स्तर पर पहुंची दाल



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बीते दिनों पहले लगातार तुवर दाल के साथ अन्य दालों में तेजी का दौर चला। जिसमें तुवर दाल लगातार 15 से 20 दिनों में करीब 1500 से 2000 रूपए प्रति क्विंटल तक बढ़ कर 13500 से 13800 रूपए क्विंटल के ऊंचे भाव पर पहुंच गई थी। वहीं अब पिछले 10 दिनों में 1000 से लेकर 1200 रु. प्रति क्विंटल तक अकेले तुवर दाल में भाव घट गए है। जबकि पहले थोक बाजार में तुवर दाल मार्के वाली 13000 से 13800 रु. प्रति क्विंटल के ऊंचे भाव में बिक रही थी। वहीं अब 12200 से 13000 पर प्रति क्विंटल के निचले स्तर के भाव पर आ गई है। उसके बाद भी बाजार में ग्राहकी नहीं है। यही नहीं तुवर दाल के साथ मूंगदाल, उड़द दाल, चना दाल सहित अन्य दालों में भी 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक दालों के भावों में लगातार कमी आई है। जिससे वर्तमान में दालों में ग्राहकी बेहद कमजोर बताई जा रही है। यही नहीं हालत यह है कि अब ज्यादातर दालों में लोकल से लेकर बाहर तक बाजार घटने से थोक बाजारों में काउंटर ग्राहकी ही रुक गई है। इससे कहीं न कहीं बाजार में व्यापारियों की लेवाली भी सुस्त पड़ गई है।

## संपादकीय

# दुनिया में AI का बढ़ता प्रभाव, विकास की नई दिशा या रोजगार और समाज के लिए नई चुनौती,

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है।

इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एआइ के व्यापक तंत्र पर चर्चा के साथ-साथ आम लोगों की जिंदगी पर इसके सीधे असर और फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

दरअसल, तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ-साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई।

# अब अरबिंदो हॉस्पिटल के मैनेजर को दाऊद इब्राहिम के नाम से कॉल

## महू में लॉरेंस गैंग का सुराग अब तक नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**शहर में वीआईपी और बड़े संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय गिरोहों के नाम पर धमकाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पांच दिन पहले महू के व्यापारी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से मिली धमकी का सुराग अभी लगा भी नहीं था कि अब इंदौर के अरबिंदो हॉस्पिटल के महाप्रबंधक को दाऊद इब्राहिम के नाम से धमकी भरा कॉल आया है। हालांकि, पुलिस इसे किसी स्थानीय शरारती तत्व की करतूत मान रही है।**

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, सांवेर रोड स्थित अरबिंदो हॉस्पिटल के महाप्रबंधक राजीव सिंह और सहायक प्रबंधक नीरज सेन को देर रात एक विदेशी नंबर (+1812 सीरीज) से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दाऊद इब्राहिम के न्यूयॉर्क ऑफिस का सदस्य बताया।पुलिस की प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि यह धमकी अस्पताल परिसर में घूमने वाले स्ट्रीट डॉग को हटाने को लेकर दी गई है। पुलिस का मानना है कि किसी स्थानीय पशु प्रेमी या व्यक्ति ने अपनी पहचान छिपाने के लिए इंटरनेट कॉलिंग का सहारा लेकर दाऊद के नाम का इस्तेमाल किया है। उधर, महू में एक अस्पताल संचालक के बेटे से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वाले मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं।धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का 'हैरी बॉक्सर' बताया था। बदमाशों ने इंटरनेट कॉलिंग के जरिए 4 अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप कॉल किए थे। पुलिस ने मेटा से जानकारी मांगी है, जिसके बाद ही लोकेशन और आरोपी का पता चल सकेगा। बाणगंगा और देहात पुलिस दोनों ही मामलों में साइबर सेल की मदद ले रही है। पुलिस का कहना है कि इन कॉल्स का मकसद दहशत फैलाकर वसूली करना या अपनी बात मनवाना है। जल्द ही आरोपियों को ट्रेस कर लिया जाएगा।

# रिश्तेदार ने की छेड़छाड़..कमरे का दरवाजा खुलवाकर पकड़ा हाथ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक 19 वर्षीय नवविवाहिता के साथ उसके ही ससुराल पक्ष के रिश्तेदार ने बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 19 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान उसके ससुराल पक्ष का रिश्तेदार जुबेर बेग निवासी आजाद नगर वहां पहुँचा और उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया। पीड़िता को लगा कि परिवार का ही कोई सदस्य होगा, इसलिए उसने बिना किसी संदेह के दरवाजा खोल दिया। जैसे ही पीड़िता ने गेट खोला, आरोपी ने उसे अकेला पाकर बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। आरोपी की इस हरकत से घबराई पीड़िता ने तुरंत शोर मचाना शुरू कर दिया। घर के अन्य सदस्यों के जागने और पकड़े जाने के डर से आरोपी मौके से भाग निकला। आजाद नगर पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# मांगलिया में फैक्ट्री और सांवेर रोड पर ट्रक में लगी आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**अलग-अलग क्षेत्रों में सोमवार को आगजनी की दो बड़ी घटनाएं सामने आईं। पहली घटना मांगलिया रोड स्थित एक फैक्ट्री की है, वहीं दूसरी घटना सांवेर टोल टैक्स नाके के पास खड़े एक ट्रक में हुई। दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते दोनों ही घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि आर्थिक नुकसान काफी हुआ है।**

सोमवार शाम करीब 5:30 बजे मांगलिया रोड स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुँची। फैक्ट्री में भारी मात्रा में लकड़ी का बुरादा रखा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब 55 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर पूरी तरह काबू पाया। आगजनी में फैक्ट्री के अंदर रखी मशीनें और कीमती बुरादा जलकर खाक हो गया।

## ट्रक का केबिन जलकर खाक

दूसरी घटना रात करीब 9:10 बजे सांवेर टोल टैक्स नाके के पास हुई। यहां खड़े एक ट्रक में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने ट्रक के अगले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम ने 25 हजार लीटर पानी की मदद से आग बुझाई। इस हादसे में ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया है।

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर नाबालिग के साथ मारपीट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में नशे की लत और अवैध वसूली का एक मामला सामने आया है। आकाश नगर में रहने वाले एक युवक ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले 17 वर्षीय किशोर से नशे के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने नाबालिग के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक, फरियादी धनवीर सिंह (17), निवासी आकाश नगर की रिपोर्ट पर उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी नानक सिंह पिता महेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे रास्ते में रोका। आरोपी ने नाबालिग से नशे का सामान खरीदने के लिए रुपयों की मांग की। जब नाबालिग फरियादी ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी अपना आपा खो बैठा। उसने सरेराह नाबालिग को गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग के साथ मारपीट की और जाते-जाते धमकी दी कि 'अगर दोबारा पैसे के लिए मना किया या पुलिस को बताया, तो जान से खत्म कर दूंगा।'

# चार थाना क्षेत्रों में सूने मकानों के ताले टूटे

## जेवरात, नकदी और भगवान की मूर्तियाँ भी नहीं छोड़ीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर के साथ-साथ देहात इलाकों में भी चोर गिरोह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। भंवरकुआं, बाणगंगा, चंदन नगर और बेटमा क्षेत्र में चोरों ने चार मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पार कर दी। वहीं, सदर बाजार इलाके में ई-रिक्शा से जेवर चोरी होने का मामला भी सामने आया है।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के संत बाग, गणेश नगर निवासी निखिलेश मंडलोई के मकान में चोरों ने सेंधमारी की। चोर घर के ऊपर बने टावर के जरिए अंदर घुसे और अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी व चांदी के जेवर चुरा लिए। हैरान करने वाली बात यह है कि चोरों ने पूजा घर में रखी भगवान गणेश, लक्ष्मी की चांदी की मूर्तियां, लक्ष्मी यंत्र और कुबेरजी की मूर्ति पर भी हाथ साफ कर दिया।इसी तरह चंदननगर थाना इलाके के गिरिराज विला ग्राम सिंदौडा में रहने वाले अंकित पाटीदार के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी अंदर घुसे। बदमाशों ने पूरी अलमारी अस्त-व्यस्त कर दी और बच्चों की गुल्लक सहित उसमें रखी हजारों की नकदी चोरी कर फरार हो गए। उधर बेटमा के गणेश चौक निवासी शैलेष चौधरी के यहाँ भी चोरी की वारदात हुई। यहाँ चोरों ने घर का ताला तोड़कर पुराने इस्तेमाल किए जा रहे सोने के दो मंगलसूत्र, नथ, कान के सुई-धागा, 'ॐ' लिखा पेंडल और चांदी की पायजेब चुरा ली। इनकी कुल कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है।बाणगंगा थाना इलाके के बजरंगपुरा की निवासी सविता साहू के घर से अज्ञात आरोपी ने अलमारी में रखे दो मंगलसूत्र और झुमकी चोरी कर लिए। पीड़िता को चोरी का पता तब चला जब उन्होंने पहनने के लिए गहने निकालने चाहे।



# गर्मी में बिजली आपूर्ति सतत रहे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विद्युत मंडल के एमडी अनूपकुमार सिंह ने कल बिजली अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में शहर में बिजली की मांग 800 मैगावाट तक बढ़ सकती हैं, ऐसे में सभी संभव प्रयास किए जाए। ज्यादा क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर में रिले सिस्टम को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जाए। ग्रिडों के मैंटेनेंस, उच्चदाब लाइनों के मैंटेनेंस समय से करा लिया जाए। अधिकारी आरसी जैन, डीके गाठे को दौरे कर मेंटेनेंस गतिविधियों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। बाकी काम भी किए जाए। अधिकारी एसएस करवाड़िया, सुषमा गंगराड़े, निर्मल शर्मा, संजय मालवीय, डीके तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, अमित पटेल, विनय प्रताप सिंह, राकेश जौहर, अभिषेक रंजन मौजूद थे।

# ई-रिक्शा से जेवर चोरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

दतिया निवासी अनिल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सदर बाजार पानी की टंकी के पास उनके ई-रिक्शा से एक अज्ञात आरोपी ने झुमके, 5 अंगूठियां, मंगलसूत्र और नथ चुरा ली।

## श्रेया का फुटबॉल टीम में चयन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम की महिला फुटबाल टीम में आदिवासी गर्ल्स फुटबाल क्लब की श्रेया तहाड़ का चयन हुआ। 20 फरवरी को गुजरात में होने वाले मैच में श्रेया टीम का हिस्सा रहेगी। म.प्र. की टीम का पहला मुकाबला राजस्थान से होगा, जो भावनगर में होगा।

## मनन की आक्रामक पारी से इन्दौर कोल्ट्स की रोमांचक जीत

इन्दौर । आईडीसीए के तत्वावधान में एसबीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसबीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर कोल्ट्स एवं एसएस कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्ट्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 153 रन बनाये। मनन मेहता ने आक्रामक 76 रनों का योगदान दिया । जवाब में एसएस कम्यून की टीम 20 ओवरो में 6 विकेट खोकर 147 रन ही बना पाई और यह मैच 6 रनों के अंतर से हार गई । अमन जैन ने सर्वाधिक 68 रन बनाये ।



## एलएसजीसीए की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एलसजीसीए एवं एसएलएफ के मध्य खेले गये मैच में एसएलएफ ने पहले खेले हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 146 रन बनाये। यश पाटीदार ने सर्वाधिक 30 रन बनाये । विष्णु शर्मा एवं रवि मंडलाई ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एलएसजीसीए की टीम ने 17 ओवरो में 2 विकेट खोकर 147 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से आसानी से जीत लिया । आर्यन पांचाल ने आक्रामक 104 रन बनाये ।



## देव्ज एकेडमी की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 4 विकेट खोकर 214 रनों का विशाल स्कोर खडा किया। देव बरनाले ने 56 रन, यश मालाकार ने 50 रन, लारेब अली ने नाबाद 45 रन एवं हर्षित यादव ने 43 रनों का योगदान दिया । जवाब में इंदौर स्पोर्ट्स की टीम 16 ओवरो में सभी विकेट खोकर 117 रन ही बना पाई और यह मैच 97 रनों के अंतर से हार गई । मोहित पटेल ने 4 विकेट एवं हर्श दीक्षित ने 3 विकेट लिये ।

## नायर क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत

एक अन्य मैच एनसीए एवं मास्टर ब्लास्टर एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 177 रन बनाये। गीतांश राठार ने 32 रन, गुरमेहर सिंह ने 31 रन एवं यशराज तिवारी ने 30 रन बनाये। गौरव शर्मा ने 3 विकेट लिये । जवाब में मास्टर ब्लास्टर की टीम 20 ओवरो में 9 विकेट पर 127 रन ही बना पाई और यह मैच 50 रनों से हार गई । तन्मय, साहिल व वेदांत ने 2-2 विकेट लिये ।

## एकेसीए की आसान जीत

एक अन्य मैच दुधिया रोशनी में जय गिरनारी एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी की टीम पहले खेलते हुए 17 ओवरो मे मात्र 78 रनों पर सिमट गई । हर्षित चटर्जी ने 5 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए की टीम ने 6 ओवरो में बिना किसी नुकसान के 73 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लियां। निकुंज जैन ने नाबाद 40 रन व अथर्व जोशी ने नाबाद 37 रन बनाये ।



# अब भगवान भरोसे ऑस्ट्रेलिया, कप्तान मिचेल मार्श ने बयां किया हार का दर्द

कोलंबो । टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप फेज के अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को दूसरी हार मिली। एक जीत और एक मैच बाकी होने की वजह से टीम अभी जीवित है, लेकिन अब दूसरी टीमों के नतीजों पर जिंदा है। टीम टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है।

ऑस्ट्रेलिया की टीम को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप फेज में दूसरे मैच में हार मिली और इस वजह से टीम के आगे जाने के मौके काफी हद तक खत्म हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को अपने दूसरे मैच में हार मिली। इससे पहले टीम जिम्बाब्वे से भी मुकाबला हार गई थी। हालांकि, आयरलैंड को उन्होंने अपने पहले मैच में हरा दिया था। श्रीलंका के खिलाफ मिली हार का कारण उन्होंने बताया कि टीम अच्छी शुरुआत को भुना नहीं पाए। श्रीलंका को



182 रनों का टारगेट मिला था, जिसे 18 ओवर में ही मेजबान टीम ने हासिल कर लिया।

मिचेल मार्श ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, खैर, मुझे लगा कि यह एक कॉम्पिटिटिव टोटल था। इसमें कोई शक नहीं कि हमने जो शुरुआत की थी, उसके बाद शायद हम कुछ रन पीछे रह गए। यह निराशाजनक बात है, लेकिन श्रीलंका ने अच्छा खेला, उन्होंने आज रात हमें हरा दिया। (उस शानदार शुरुआत के बाद, आपको क्या लगता है कि आपको कितने रन बनाने चाहिए थे?) मेरा मतलब है, हम जानते हैं कि हम अपने बेस्ट पर बड़े स्कोर बना सकते हैं और हम बस बैक-एंड में थोड़ा रास्ता भटक गए। पार्टनरशिप नहीं कर सके और श्रीलंका ने अपनी पारी के बैक-एंड में बहुत अच्छी बॉलिंग की।

कप्तान ने आगे कहा, शुरुआत में, हमें पता था कि हम कुछ रन पीछे रह गए। जैसा कि मैंने कहा, हमारी शुरुआत अच्छी थी, लेकिन हां, इसके अलावा और कुछ नहीं कहना है कि श्रीलंका ने हमें हरा दिया। (अब आप एक अनजान स्थिति में हैं, आप लड़कों से क्या कहेंगे?) हां, यह एक बहुत ही बुरा ग्रुप लग रहा है। मुझे लगता है कि जिस तरह से यह बना है, उससे हम अब भगवान के भरोसे हैं, लेकिन हां, देखो, अभी ड्रेसिंग रूम में बहुत इमोशन हैं। हम अपना बेस्ट नहीं दे पाए हैं और इसलिए, हम जिम्बाब्वे-आयरलैंड का गेम देखते हैं और उम्मीद करते हैं.... लेकिन हां, हम इस समय निराश जरूर हैं।

पथुम निसांका की नाबाद शतकीय पारी से श्रीलंका ने टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप बी मैच में ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद श्रीलंका ने 18 ओवर में दो विकेट पर 184 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज निसांका ने 52 गेंद में नाबाद 100 रन की शानदार पारी खेली। कुसल मेंडिस ने 38 गेंद में 51 रन का योगदान दिया।

## ईशान का बल्ला चला, हाइट से लेकर गर्लफ्रेंड तक..क्या-क्या सर्च कर रहे पाकिस्तानी

नई दिल्ली । क्रिकेट के मैदान पर जब भारत और पाकिस्तान की टीमें टकराती हैं, तो पारा सिर्फ स्टेडियम में ही नहीं, बल्कि इंटरनेट की दुनिया में भी चढ़ जाता है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के महामुकाबले में जब टीम इंडिया के युवा सितारे अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हुए, तो पाकिस्तानी खेमे ने राहत की सांस ली थी। उन्हें लगा कि खतरा टल गया, लेकिन असली 'आउट ऑफ सिलेबस' सवाल तो ईशान किशन के रूप में अभी बाकी था। ईशान ने जैसे ही चौकों-छक्कों की बरसात शुरू की, वैसे ही सरहद पार के क्रिकेट फैंस की बेचैनी गूगल सर्च इंजन पर दिखाई देने लगी।

जैसे-जैसे ईशान किशन ने 40 गेंदों में 77 रनों की विस्फोटक पारी खेली, पाकिस्तान के गूगल ट्रेंड्स में अचानक ईशान किशन टॉप पर आ गए। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तानी फैंस सिर्फ उनके क्रिकेट के बारे में ही नहीं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी के बारे में भी जानने के लिए उतावले दिखे। गूगल डेटा के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान में ईशान किशन के नाम को लेकर सर्च में हजारों गुना की बढ़ोतरी देखी गई।

**पाकिस्तानी फैंस के वो अजीबोगरीब सवाल?-** गूगल ट्रेंड्स के आंकड़ों पर नजर डालें तो पाकिस्तान में ईशान को लेकर कई तरह के सवाल खोजे जा रहे थे। लोग न केवल उनके 'स्टैट्स' और 'नेट वर्थ' देख रहे थे, बल्कि उनकी 'हाइट' (फीट में) और 'उम्र' को लेकर भी काफी उत्सुकता दिखी। हैरानी की बात यह रही कि उनकी निजी जिंदगी से जुड़े कीवर्ड्स जैसे 'ईशान किशन गर्लफ्रेंड', ईशान किशन वाइफ' और यहाँ तक कि उनके 'धर्म' के बारे में भी खूब सर्च किया गया। कुछ यूजर्स तो उनकी स्पेलिंग में भी गलती करते नजर आए, लेकिन सर्च की रफ्तार थमी नहीं।

## नकवी की कुर्सी खतरें में, कई लोग उनकी बर्खास्तगी की मांग कर रहे

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट टीम को टी-20 विश्व कप के मैच में भारत से कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 61 रनों से करारी हार मिली। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 175/7 का स्कोर बनाया और पाकिस्तान को 114 रनों पर समेट दिया। मैच से पहले पाकिस्तानी भारत को हराने का दावा कर रहे थे, लेकिन बल्लेबाजी में पूरी तरह ढह गई टीम ने उन्हें निराश किया। यह हार सिर्फ क्रिकेट मैदान तक सीमित नहीं रही, बल्कि पाकिस्तान में बड़े स्तर पर असंतोष पैदा कर दिया। पूर्व खिलाड़ी शोएब अख्तर ने पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी को अक्षम और अनजान बताते हुए तीखी आलोचना की। मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन हैं। पाकिस्तानी टीम की हार के बाद नकवी की कुर्सी खतरे में दिख रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं और कई लोग उनकी बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं। इस हार से पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी बेहद नाराज बताए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके मिलिट्री सेक्रेटरी के माध्यम से संदेश भेजा। इसमें पीसीबी की गलत हैंडलिंग, टीम की नाकाफी तैयारी और अनावश्यक आक्रामक बयानों की आलोचना की गई। आसिम मुनीर का गुस्सा इसलिए भी बढ़ा क्योंकि मैच से पहले मोहसिन नकवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका नाम लेकर कहा था कि फील्ड मार्शल आसिम मुनीर कभी डरते नहीं। इसे सेना के नाम का गलत इस्तेमाल माना जा रहा है। मैच के दौरान मोहसिन नकवी स्टेडियम में मौजूद थे।



In The Court Of V Civil Judge Junior Division, District Court, Chhindwara
Presiding Officer: श्री राहुल डोंगरे

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
(RCS A/0000333/2023 )

ओंकार प्रसाद साहू............वादी
Vs
निरंजन साहू.................प्रतिवादी

TALWANA-ID-NO-689/2026
Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 23/03/2026

प्रेषिती-
( 1 ) स्नेहलता साहू पिता स्व. तुकाराम साहू पता-इंदौर तहसील व जिला इंदौर म.प्र.

यह कि प्रार्थी ओंकार प्रसाद साहू ने आपके विरूद्ध प्र.क्र.-333अ/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 13 फ़रवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

( राहुल डोंगरे )
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
छिंदवाडा ( म.प्र. )

इन्दौर नगर पालिक निगम
मोती तबेला झोन-32
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मोहित पिता श्री राकेश बजाज** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1001169647 पता 795/1 व अन्य बिजलपुर पैकी 314 ट्रेजर टाउन इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर आवेदन प्रस्तुत कर सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
मोती तबेला झोन-32
इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## न्यूज इन बॉक्स

### राष्ट्रीय वूशु खिलाड़ियों का सम्मान



इंदौर। स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट द्वारा संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय वूशु खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के खिलाड़ियों ने वूशु और योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी अतिथियों पलकों एवं बच्चों को मंत्र मुग्ध किया । इस अवसर पर आयोजित की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीएससी शीतल टॉक और ताइक्वांडो उपाध्यक्ष यशवंत मेवाड़ा ने किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी पीयूष भालेकर जो एकमात्र पूरे मध्य प्रदेश प्राइवेट स्कूल ब्राइट हायर सेकेंडरी स्कूल से वूशु खिलाड़ी है जिन्हें मध्य प्रदेश शासन के शालेय शिक्षा विभाग द्वारा स्कॉलरशिप दी गई। इनके अलावा आदित्य रेनके अभिनव मंडलोई और मुस्कान वर्मा को सर्टिफिकेट और शील्ड दे कर सम्मानित किया गया । इनके साथ उनकी कोच विद्या दुबे को भी एवं शील्ड एवं प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन मीना पवार खुशबू परिहार ने किया आभार खुशबू परिहार ने किया ने माना।

### अंडर 15 इंदौर जिला कुश्ती टीम का चयन कल

इंदौर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि इंदौर जिला अंडर 15 कुश्ती टीम का चयन ओलम्पियन पप्पू यादव के नेतृत्व में 18 फरवरी को होगा। वजन सुबह 8 से 11 बजे तक होगा, भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने ओरिजिनल जन्म प्रमाण के साथ सभी दस्तावेज साथ लावे। चयनित पहलवान राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती में जबलपुर जायगे भाग लेने वाले पहलवान सुरेश यादव, गोविंद गुज्जर, विकास यादव, कोच केजेश यादव,रिंकू यादव से सम्पर्क कर सकते हैं।

### एकेसीए की शानदार जीत

इन्दौर । आईडीसीए के तत्वाबधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत स्मृति अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एकेसीए एवं विजय क्लब के मध्य खेला गया जिसमें



विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 25 ओवरो में सभी विकेट खोकर 94 रन बनाए। अभय प्रताप ने 39 रन बनाये। अभय गुप्ता ने 6 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए ने 13 ओवरो में 2 विकेट खोकर 95 रन बना लिये और यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । शाश्वत ने 35 रन बनायें ।

# अदविथ एवं दीविना ने जीता एकल खिताब

इंदौर। इंदौर टेनिस क्लब द्वारा आयोजित की गई आई.टी.सी. इंदौर ओपन सबजूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए बालक एवं बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु के एकल फाइनल मुकाबले अदविथ भार्गव बालक वर्ग से तथा दीविना धूपर ने बालिका वर्ग से खिताबी जीत दर्ज की। स्पर्धा का समापन समारोह अनिल महाजन, अध्यक्ष, म. प्र. टेनिस संघ, बी.एस. छाबड़ा, अर्जुन धूपर ट्रस्टी इंदौर टेनिस क्लब के आतिथ्य में किया गया। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया। शेष परिणाम इस प्रकार रहेः-

बालक वर्ग-12 वर्ष आयु के फाइनल एकल में अदविथ भार्गव (इंदौर) ने अयांश सोनी (इंदौर) 7-6 (3), 6-0 से, बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु के फाइनल एकल में दीविना धूपर (इंदौर) ने ऐशवी जैन (इंदौर) 6-4, 6-4 से हराया।



# अबु, अंशिका, नवीन, साकार को खिताबी सफलता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में रविवारीय टेबल टेनिस स्पर्धा के एकल मुकाबलों में अबु बकर, अंषिका महाजन, नवीन नातु, साकार भार्गव ने अपने - अपने वर्गों में खिताबी सफलता अर्जित की। वही युगल मुकाबलों में प्रथम बाथम व विशाल जोशी की जोडी ने खिताब जीता।



अभय प्रशाल में आयोजित इस स्पर्धा के पुरूष वर्ग में फायनल मुकाबले में अबु बकर ने प्रतिश जंजीरे को 3-1 से परास्त किया। सेमीफायनल में अबु बकर ने योगेष कुमावत को 3-1 से, प्रतिश जंजीरे ने प्रशांत अनजाना को 3-2 से हराकर फायनल में प्रवेश किया।

महिला एकल वर्ग के फायनल मुकाबलों में अंषिका महाजन ने सानवी सिंघल को 3-2 से हराया। वही सेमीफायनल मुकाबलों में अंषिका महाजन ने तनिशा राजपुत को 3-0 से, सानवी सिंघल ने अनिका माहेष्वरी को 3-2 से परास्त किया।

बलक अंडर- 19 आयु वर्ग के फायनल मुकाबलों में साकार भार्गव ने आरव कासठ को 3-1 से हराया। सेमीफायनल में साकार भार्गव ने लक्षित चैकसे को 3-1 से, आरव कासठ ने आर्जव पाठक को 3-1 से मात दी।

पुरूष 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फायनल में नवीन नातु ने विशाल जोशी को 3-1 से हराया। सेमीफायनल में विषाल जोषी ने मनोज सोनगरा को 3-1 से, नवीन नातु ने राहुल जैन को 3-1 से षिकस्त दी।

युगल वर्ग के अंतिम मुकाबले में विशाल जोशी व प्रथम बाथम की जोडी ने अबु बकर व रिदम गडिया को 3-1 से परास्त किया। सेमीफायनल में विषाल व प्रथम की जोडी ने आरव कासठ व अनिका माहेश्वरी को 3-1 से, अबु व रिदम की जोडी ने अंकुर कष्यप व तालिब कुरैशी की जोडी को 3-1 से हराकर फायनल में जगह बनाई । पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेष ओलिपिंक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेष टेबल टेनिस संगठन के प्रमोद सोनी, जिला टेबल टेनिस सचिव नीलेश वेद व गौरव पटेल भी विषेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत व्यास ने किया।

# प्रकाश क्लब के हर्षदीप मप्र सिविल सर्विसेज हाकी टीम में

इंदौर । प्रदेश में हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश क्लब के हर्षदीप कपूर का चयन मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज हॉकी टीम में किया गया है। वे प्रदेश की टीम में चयनित इंदौर के एकमात्र खिलाड़ी हैं।



प्रकाश क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि मध्य प्रदेश टीम नई दिल्ली में होने वाली अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हाकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। यह प्रतियोगिता 17 से 28 फरवरी तक खेली जाएगी। हर्षदीप कपूर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा रहे हैं। उनके खेल से भारतीय टीम ने एशियन ट्रॉफी हासिल की थी। इसके अलावा बांग्लादेश और श्रीलंका की हॉकी लीगों में भी हर्षदीप बतौर पेशेवर खिलाड़ी अपनी स्टिक का कमाल दिखा चुके हैं।

मिड फील्ड और फारवर्ड दोनों पोजिशन के अनुभवी खिलाड़ी हर्षदीप के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश टीम को मजबूती मिली है। प्रकाश क्लब में अनुभवी कोच अशोक यादव के मार्गदर्शन में अभ्यास करने के अलावा हर्षदीप युवा खिलाड़ियों को खेल के गुर भी सिखाते हैं। टीम में चयन पर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान सरवर खान, शैलेंद्र वर्मा, डॉ. रफीक खान, श्रीकांत बोरकर और प्रथमेश राजे सिलावट भी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश की 20 सदस्यीय टीम का कप्तान भोपाल के मोहित पाठक को बनाया गया है। टीम के कोच भोपाल के फैसल अली होंगे जबकि प्रबंधक की जिम्मेदारी ग्वालियर के मनोज परिहार संभालेंगे।

टीम : रविंद्र खरब (गोलकीपर), निक्की कौशल, फराज खान, मोहित पाठक, दीपक सिंह सेंटर हाफ, मो. शाहिर लेफ्ट हाफ, पोलुस लकड़ा राइट आउट, आजमबैग राइटइन, मो. उमर सेंटर फारवर्ड, मो. जावेद अली लेफ्ट हाफ, वासुदेव लेफ्टआउट, हर्षदीप कपूर, समीर खान, इजहार कुरैशी, मो. आफताब, सैयद मोहसिन हसन, असद कमाल, मुमताज उद्दीन।

# टी-20 विश्व कप 2026: 5 टीमें कर चुकी हैं सुपर-8 के लिए क्वालीफाई, अब 3 स्पॉट की लड़ाई

नई दिल्ली । टी-20 विश्व कप 2026 अब अपने रोमांचक मोड़ की ओर बढ़ रहा है। अब ग्रुप स्टेज के मैच लगभग खत्म होने को हैं और जल्द ही सुपर 8 के लिए कौन-कौन सी टीमें क्वालीफाई करेंगी इसका निर्णय हो जाएगा। अब तक खेले गए मुकाबलों में सुपर 8 के लिए पांच टीमें तय हो चुकी हैं।

ग्रुप ए से भारत ने 3 में से 3 मैच जीतकर अच्छे रन रेट के साथ सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारत के साथ इस ग्रुप से दूसरी टीम कौन सी सुपर-8 में जाएगी यह तय होना बाकी है। ग्रुप-बी में श्रीलंका ने तीन मैचों में से लगातार तीन जीत दर्ज की और बेहतर रन रेट के साथ टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस ग्रुप से सुपर 8 में दूसरी टीम जिम्बाब्वे जाएगी या ऑस्ट्रेलिया यह तय होना बाकी है।

ग्रुप-सी का मामला एकदम फिक्स हो चुका है। यहां से सुपर-8 के लिए दोनों टीमें तय हो चुकी हैं। वेस्टइंडीज ने पहले ही अपने तीन में से तीन मैच जीतकर क्वालीफाई कर लिया था अब इंग्लैंड ने भी चार मैचों में तीन जीत के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप-डी की बात करें तो यहां से दक्षिण अफ्रीका ने बेहतर खेल दिखाते हुए तीन मैचों में से तीन लगातार जीत के साथ सुपर 8 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। इस ग्रुप से सुपर-8 में दूसरी टीम न्यूजीलैंड होगी या अफगानिस्तान यह तय होना बाकी है।

कुल मिलाकर, भारत, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। अब तीन स्पॉट बचे हैं, जिसमें से ग्रुप ए से पाकिस्तान का सुपर 8 में जाना लगभग तय माना जा रहा, बनिस्बत इसके की नामीबिया की टीम कोई उलटफेर ना कर दे। सुपर 8 के लिए खास लड़ाई ग्रुप बी में है जहां 2 मैचों में दो जीत के साथ जिम्बाब्वे की टीम ऑस्ट्रेलिया को चुनौती दे रही है और अगर कल जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को हरा दिया तो कंगारू टीम की सेवा यहीं से समाप्त हो जाएगी। दिलचस्प स्थिति ग्रुप डी में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच भी है। हालांकि, यहां भी अफगानिस्तान के सुपर 8 में पहुंचने की संभावना बहुत कम है ऐसे में न्यूजीलैंड ही दूसरी टीम हो सकती है।

वर्तमान सिनारियो को देखते हुए सुपर कहा जा सकता है कि भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड हो सकती हैं। ध्यान दें जिम्बाब्वे, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने अभी क्वालीफाई नहीं किया है।



# नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगाए व्हील लॉक

**अब दुकानों के बाहर खड़े वाहन और सामान पर भी होगी कार्रवाई**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात सुधार का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस अधिकारी और कर्मियों ने भ्रमण के दौरान मुख्य बाजारों में नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर अपना शिकंजा कसा और व्हील लॉक लगाए। वरिष्ठ अधिकारी राजेश त्रिपाठी, संतोषकुमार कोल, सुप्रिया चौधरी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी राधा यादव द्वारा राजवाड़ा, सराफा, खजूरी बाजार, कपड़ा मार्केट एवं भंवरकुआं, टावर चौराहा से अग्रसेन तक बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु प्रभावी कार्यवाही की गई और कई वाहनों में लॉक लगाए, तो कुछ जगह क्रेन से वाहन भी उठवाए। वहीं अन्य अधिकारी नरेश अन्नोटिया, अरविंद दागी के नेतृत्व में जेल रोड, नावेल्टी क्षेत्र, एमटीएच कम्पाउंड, एसीपी जगदीश पाटिल के साथ में बड़ा गणपति क्षेत्र, एसीपी लाल बहादुर बौद्ध के साथ में टीम द्वारा कनाड़िया, बंगाली रोड पर कार्यवाही की गई। अब यातायात पुलिस बाजार क्षेत्रों में सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले और दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई करेगी।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**आरोपी ने विवाह से किया इनकार तो पीड़िता ने ली पुलिस की शरण**

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया और जब युवती ने विवाह का दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी आनंद कुशवाह निवासी ग्राम सोनवाय ने पीड़ित युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया था। उसने पीड़िता को भरोसा दिलाया था कि वह उससे शादी करेगा। इसी शादी का झांसा देकर आरोपी लंबे समय तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब उसने आनंद पर शादी करने का दबाव बनाया और सामाजिक रूप से रिश्ता स्वीकार करने को कहा, तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। आरोपी द्वारा हाथ खड़े करने और धोखा देने के बाद पीड़िता किशनगंज थाने पहुँची और अपनी आपबीती सुनाई। किशनगंज पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी आनंद कुशवाह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ट्रांसपोर्ट के जरिए कोलकाता भेजी जा रही चॉकलेट की खेप गायब

## ट्रक चालक और एजेंट ने मिलकर किया लाखों का माल पार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आजाद नगर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। पालदा रोड से कोलकाता भेजने के लिए ट्रक में लोड की गई चॉकलेट की एक बड़ी खेप रास्ते में ही गायब हो गई। कंपनी संचालक की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक और एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी योगेश हिंदुजा निवासी सिल्वर स्प्रिंग, तेजाजी नगर की कंपनी ने चॉकलेट के 75 बॉक्स सरस्वती प्रोडक्ट, कोलकाता भेजने के लिए इंडियन रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट के जरिए बुक किए थे। ट्रांसपोर्ट एजेंट मोहम्मद हसीब के माध्यम से ट्रक नंबर ँ 18 उँ 2317 में 63 बॉक्स लोड किए गए थे। एजेंट ने वाहन के चालक के रूप में संदीप प्रसाद की जानकारी दी थी। जब ट्रक निर्धारित समय पर कोलकाता नहीं पहुँचा, तो कंपनी संचालक योगेश ने एजेंट और चालक से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन चौंकाने वाली बात यह थी कि दोनों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहे थे। काफी तलाश करने के बाद भी जब ट्रक और माल का पता नहीं चला, तो पीड़ित को माल हड़प लिए जाने की आशंका हुई और उन्होंने थाने की शरण ली। आजाद नगर पुलिस ने फरियादी योगेश हिंदुजा की रिपोर्ट पर ट्रांसपोर्ट एजेंट मोहम्मद हसीब और ट्रक चालक संदीप प्रसाद के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब ट्रक नंबर और एजेंट के पुराने रिकॉर्ड के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, पड़ोसी कमरे में पहुंचा तो फंदे पर लटका मिला शव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** खजराना थाना क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपने बड़े भाई के साथ रहता था और कांच फिटिंग का काम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। खजराना इलाके के श्रीराम नगर निवासी अक्षय पिता रामनाथ (24) ने फांसी लगाकर जान दे दी। अक्षय मूल रूप से हरदा का रहने वाला था। वह इंदौर में अपने बड़े भाई के साथ रहकर कांच फिटिंग का काम करता था। घटना के समय उसका बड़ा भाई किसी काम से गांव गया हुआ था। भाई ने सोमवार को अक्षय को कई बार फोन लगाया, लेकिन जब काफी देर तक कॉल रिसीव नहीं हुआ, तो उसने घबराकर पड़ोसियों को फोन किया और घर जाकर देखने को कहा। भाई के कहने पर जब पड़ोसी अक्षय के कमरे पर पहुंचे, तो वहां का दृश्य देख दंग रह गए। अक्षय कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पड़ोसियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और उसे उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खजराना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि अक्षय किसी मानसिक तनाव या आर्थिक परेशानी में तो नहीं था। उसके मोबाइल की भी जांच की जा रही है।

# बहन के घर आई वृद्धा की मौत

***खाना खाने के बाद बात करते-करते***

***अचानक गिरी, साइलेंट अटैक की आशंका***

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में अपनी बहन से मिलने इंदौर आई एक 65 वर्षीय वृद्धा की अचानक मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने मौत की वजह साइलेंट अटैक बताई है। मृतका का नाम दुर्गा पति दिनेश (65), निवासी सागर कुटी पीथमपुर है। वह अपनी बहन के घर मिलने के लिए इंदौर आई हुई थीं। परिजनों ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद वे घर के अन्य सदस्यों के साथ बैठकर सामान्य बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान वे अचानक सोफे से नीचे गिर पड़ीं और बेसुध हो गईं। घबराए परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल और फिर वहां से एमवाय अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## घायल युवक की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बाणगंगा इलाके में गिरकर घायल हुए विनोद पिता बेतला (19) निवासी कसरावद जिला खरगोन की इलाज के दौरान मौत हो गई।पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे जांच कर रही है।

# दो हथियारबाज बदमाश धराए पिस्टल और चाकू जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ जारी 'प्रहार' अभियान के तहत राऊ पुलिस ने दो कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। पुलिस ने अलग-अलग इलाकों से दो शातिर बदमाशों को दबोचकर उनके पास से दो देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और धारदार चाकू बरामद किए हैं।

पहली कार्रवाई रविवार को सिलिकॉन सिटी गेट के पास हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नारायणी स्कूल के पीछे दबिश दी, जहाँ एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर सकपका गया। घेराबंदी कर पकड़े गए युवक की पहचान रितेश मकवाना




(25) निवासी कनाडिया के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्टल, मैगजीन में लगा जिंदा कारतूस और एक बड़ा चाकू मिला।दूसरी सफलता बीती रात एबी रोड बायपास पर मिली। 'कॉफी कॉन्सेप्ट कैफे' के पास सर्विस लेन पर एक युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहा था। राऊ पुलिस ने घेराबंदी कर सत्येंद्र पाल (22) निवासी तेजाजी नगर को दबोच लिया। सत्येंद्र के पास से भी पुलिस को एक देशी पिस्टल, कारतूस और एक तड़तड़ी चाकू मिला है।इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौड़ के साथ प्रवीण जाधव, कमलेश चोरे, नारायण यदुवंशी और सायबर टीम जोन-1 की मुख्य भूमिका रही।

## रेलवे स्टेशन के पास चल रहा था सट्टा, 6 गिरफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सांवेर पुलिस ने अजनोद रेलवे स्टेशन के पास दबिश देकर सट्टा खेलते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, तेजाजी नगर पुलिस ने भी ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। सांवेर पुलिस के मुताबिक पुलिस की छापामार कार्रवाई ग्राम अजनोद में रेलवे स्टेशन के पास एक गुमटी के पीछे की है। पकड़े गए आरोपियों के नाम जावेद पिता नन्हे खां निवासी सांवेर, मनोहर पिता भंवर सिंह ठाकुर निवासी अजनोद, सचिन पिता किशोर वर्मा निवासी अजनोद, रामेश्वर पिता ओंकारलाल प्रजापत निवासी चंद्रावंतीगंज, कमल पिता : रामा मुकाती और इक्का उर्फ ऋषिकांत कैथवास अजनोद है। इनके पास से सट्टा उपकरण, 34 हजार 800 रुपए नकद और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। इसी तरह तेजाजी नगर पुलिस ने ग्राम मरीमाता पानी की टंकी के पास जुआ खेलते आरोपी भीम उर्फ भीमा पिता अनारसिहं चौहान, सूरज पिताः मोहन लालपुरीया, चंदू पिता आसाराम भाटी और राकेश पिता अनारसिहं चौहान निवासी ग्राम मरीमाता को पकड़ा। आरोपियों से 3 हजार 300 रुपए और 52 ताश पत्ते बरामद किए।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।